

स्मृति मंधाना वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचीं

▸ पेज - 7

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

छत्तीसगढ़ में बड़ा एंटी नक्सल ऑपरेशन



▸ पेज - 8

वर्ष : 33 ▸ अंक : 312 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, मंगलवार, 28 जनवरी 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

# जीबीएस का कहर : पुणे में पहली मौत



### केंद्र ने सात सदस्यों की टीम का किया गठन

गिलियन बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के पुष्ट और संदिग्ध मामलों में बढ़ोतरी के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय हरकत में आ गया है। सोमवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुणे और राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों की सहायता के लिए विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय टीम का गठन किया है। इस उच्च स्तरीय बहु-विषयक टीम में सात सदस्य हैं।

## पुणे में प्रभावित मरीजों का आंकड़ा 100 के पार

धीरज सिंह । सोलापुर/ पुणे/मुंबई

महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) से संक्रमित एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह महाराष्ट्र में जीबीएस के कारण हुई संभवतः पहली मौत है। अधिकारियों ने बताया कि सोलापुर का रहने वाला 40 वर्षीय यह व्यक्ति पुणे आया था। ऐसा संदेह है कि वह पुणे में संक्रमित हुआ। सोलापुर सरकारी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संजीव ठाकुर ने बताया कि मौत के बाद इस मामले को चिकित्सकीय जांच के लिए सोलापुर सरकारी अस्पताल भेजा गया। प्राथमिक रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि वह जीबीएस से संक्रमित था। डॉ. ठाकुर ने कहा कि उन्होंने मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए शव का 'क्लीनिकल पोस्टमार्टम' भी किया। मृतक के रक्त के नमूने आगे की जांच के लिए पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) भेजे गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि पुणे में रविवार को जीबीएस के 101 मामले हो गए। संक्रमित लोगों में 68 पुरुष और 33 महिलाएं शामिल हैं। इनमें से 16 मरीज वेंटिलेटर पर हैं।



### 25,578 घरों का सर्वेक्षण किया गया

अधिकारी ने बताया कि अब तक कुल 25,578 घरों का सर्वेक्षण किया गया है, जिनमें पुणे नगर निगम सीमा में आने वाले 15,761 घर, चिंचवड नगर निगम सीमा में आने वाले 3,719 घर और जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आने वाले 6,098 घर शामिल हैं।

### दुर्लभ है बीमारी

*दुनिया भर में हर साल लगभग 1,00,000 लोग जीबीएस से पीड़ित होते हैं। यह बीमारी इतनी तेजी से नहीं फैलती जिस तेजी से महाराष्ट्र में फैल रही है जो चिंता की बात है। इसका कोई ज्ञात इलाज तो नहीं है। लेकिन कुछ उपचार इससे बचने में मदद करते हैं। एमआरआई की मदद से नसों और मस्तिष्क के बीच होने वाले संचार को समझा जा सकता है, जिससे इलाज में मदद मिलती है। प्लाज्मा एक्सचेंज, फिजियोथेरेपी और दवाओं से इसमें राहत मिलती है। उपचार के साथ, अधिकांश लोग इस स्थिति से पूरी तरह ठीक हो जाते हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट की जान इसी बीमारी के चलते गई थी।*

न्यूज़ ब्रीफ

### अंजलि दमानिया ने अजित पवार से मुलाकात की



**मुंबई।** सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि दमानिया ने सोमवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार से अनुरोध किया कि वह मंत्री धनंजय मुंडे को मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर दें क्योंकि उनका (मुंडे का) संबंध वाल्मीक कराड से है। वाल्मीक कराड सरपंच संतोष देशमुख की हत्या से जुड़े जबरन वसूली मामले में आरोपी है। अंजलि दमानिया ने दावा किया कि अजित पवार को नौ दिसंबर को हुई हत्या से जुड़े कुछ पहलुओं की प्रथम दृष्टया जानकारी नहीं है। अंजलि दमानिया ने पत्रकारों से कहा, 'मैंने अजित पवार से 25 से 30 मिनट तक मुलाकात की...।' अंजलि दमानिया के अनुसार, पवार ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह इस मामले पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मिलेंगे।

**मुंडे का इस्तीफा मांगा**

### उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आदित्य ठाकरे पर निशाना साधा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को शिवसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे की उस टिप्पणी के लिए उनकी आलोचना की, जिसमें ठाकरे ने कार्यकर्ताओं और नेताओं के पार्टी छोड़कर शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने को लेकर हमला बोला था। एकनाथ शिंदे ने कहा कि अन्य दलों से कार्यकर्ताओं का शामिल होना दर्शाता है कि 'महायुति' गठबंधन आगामी स्थानीय निकाय के चुनावों में अच्छे बहुमत से जीत हासिल करेगा। एकनाथ शिंदे ने कहा, 'पार्टी छोड़ने वालों पर आदित्य ठाकरे की टिप्पणी अनुचित थी। उन्हें (शिवसेना उबाठा) ऐसी बातों में पड़ने के बजाय आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। ये लोग जिन्हें आदित्य ठाकरे ने 'गटर' कहा है, वे शिवसेना (उबाठा) को उसकी जगह दिखाएंगे।' उन्होंने आदित्य ठाकरे पर 'लाडकी बहिन योजना' की महिला लाभार्थियों का अपमान करने का भी आरोप लगाया।

### वक्फ विधेयक पारित होने के बाद सुप्रीम कोर्ट जाएगी हमारी पार्टी : डीएमके

**नई दिल्ली।** डीएमके ने सोमवार को कहा कि वह प्रस्तावित वक्फ कानून के पारित होने के बाद इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी। यह बात वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति की तरफ से अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के लिए आगे बढ़ने के तुरंत बाद कही गई। भाजपा के जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति के सदस्यों में से एक डीएमके सांसद ए. राजा ने कहा कि पैनल की कार्यवाही में उनकी 'लड़ाई' 'जेपीसी या संसद के लिए नहीं' बल्कि सुप्रीम कोर्ट के लिए है। उन्होंने कहा, 'हम निश्चित रूप से अदालत जाएंगे। डीएमके जाएगी, मैं भी जाऊंगा।'

### उदयनिधि स्टालिन को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन को बड़ी राहत दे दी है। उदयनिधि ने पिछले साल 'सनातन धर्म' के बारे में एक विवादास्पद बयान दिया था। कोर्ट ने आपराधिक कार्रवाई की मांग करने वाली तीन रिट याचिकाओं पर विचार करने से इंकार कर दिया।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| चांदी (.999) | 90,533 |
| सोना स्टैंडर्ड | 79,453 |

### मौसम

| | तापमान | नमी |
|---|---|---|
| मुंबई | 31 | 45% |

सूर्यास्त बुधवार 6:26 बजे
सूर्योदय गुरुवार 7:15 बजे

महाराष्ट्र बना पहला राज्य

# 'ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी से 'क्राइम सीन' की जांच

## सीएम फडणवीस ने मोबाइल फोरेंसिक वैन को किया लांच

अमित बृज । मुंबई

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई समेत राज्य के दूसरे हिस्सों में अब अपराध होने पर मोबाइल फॉरेंसिक वैन से जांच होगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को मुंबई में मोबाइल फोरेंसिक वैन का उद्घाटन किया। फडणवीस ने कहा कि राज्य में कुल 259 मोबाइल फोरेंसिक वैन शुरू की जाएंगी। इनमें से 21 पूर्णतः सुसज्जित वैनों को परिचालन में लाया जा चुका है। अपराध स्थल एप्लिकेशन ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का उपयोग करके अपराध स्थल की जांच करेगा। इसमें साक्ष्यों को एकत्रित कर बारकोड के माध्यम से सुरक्षित किया जाएगा। यह वैन अपराधों को सुलझाने, साक्ष्य एकत्र करने और उनका विश्लेषण करने में फोरेंसिक



सहायता प्रदान करने में उपयोगी होगी। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 अधिनियम ने 7 या अधिक वर्षों की सजा वाले अपराधों के लिए फोरेंसिक साक्ष्य का उपयोग अनिवार्य कर दिया है।

अपराध की जांच में इन सुधारों का एक प्रमुख हिस्सा 'मोबाइल फोरेंसिक वैन' की उपलब्धता है, जिसे महाराष्ट्र में लॉन्च किया गया है। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने आज कहा कि महाराष्ट्र अपराध प्रूफ के लिए ऐसी सुविधा शुरू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

### ऐसे काम करेगी फोरेंसिक मोबाइल वैन

जब कोई अपराध दर्ज किया जाएगा तो नियंत्रण कक्ष फोरेंसिक टीम को सूचित करेगा। फोरेंसिक टीम अपराध स्थल का दौरा करेगी, अपराध का विवरण दर्ज करेगी और उसे क्राइम सीन एप्लीकेशन में अपडेट करेगी। फोरेंसिक विशेषज्ञ फोटोग्राफ और वीडियो के माध्यम से अपराध स्थल का दस्तावेजीकरण करेंगे। वे साक्ष्य एकत्र करने, उनकी पुनः जांच करने तथा उन्हें सील करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वरिष्ठ विशेषज्ञों से भी संपर्क करेंगे। इसके बाद अपराध स्थल की रिपोर्ट तैयार कर पुलिस जांच अधिकारी को सौंप दी जाएगी।

## पीएम मोदी ने की ट्रंप से बात



दोपहर संवाददाता । मुंबई

नई दिल्ली। डोनाल्ड ट्रंप ने 20 जनवरी को अमेरिका के राष्ट्रपति पद की कमान संभाली थी। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार पीएम मोदी की उनसे बात हुई है। दोनों नेताओं के बीच दोनों देशों के आपसी रिश्तों पर चर्चा की गई। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बात की जानकारी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'अपने प्रिय मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात करके बहुत खुशी हुई। उन्हें उनके ऐतिहासिक दूसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी। हम पारस्परिक रूप से लाभकारी और भरोसेमंद साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने लोगों के कल्याण और वैश्विक शांति, समृद्धि और सुरक्षा के लिए मिलकर काम करेंगे।'

## एक घर से दो शव मिले, जांच में जुटी पुलिस

दीपक पवार । मुंबई

मुंबई के कांदिवली इलाके में सोमवार को एक घर में दो शव मिलने से हड़कंप मच गया। यह घटना कांदिवली के हनुमान नगर इलाके की बताई जा रही है, जहां एक महिला और एक अन्य व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया। मृतक महिला की पहचान पुष्पा दत्त (34) के रूप में की गई है, जबकि दूसरे शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि दोनों शव घर के अंदर फंदे से लटके हुए मिले, जिसके बाद अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह मामला संज्ञान में आते ही समता नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और जांच कार्य में जुट गए। पुलिस के अनुसार, इस घटना को लेकर प्रारंभिक जांच जारी है।



### अभी तक किसी भी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला

मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच टीम जल्द से जल्द घटनाक्रम के सही कारणों का पता लगाने के लिए जुटी हुई है। समता नगर पुलिस ने इस घटना को लेकर मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि, पुलिस के अनुसार अभी तक किसी भी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे घटना के कारणों का पता चल सके। पुलिस का कहना है कि हत्या या आत्महत्या के एंगल से भी जांच की जा रही है, लेकिन अभी तक इस बारे में कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। मुंबई पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मामले की जांच जारी है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## सैफ केस में बंगाली लड़की की एंट्री, पूछताछ हुई

### युवती और शरीफुल के संबंधों का पता लगा रही है पुलिस



एजेंसी । मुंबई / कोलकाता

मुंबई से आई एक पुलिस टीम ने सोमवार को बॉलीवुड सुपरस्टार सैफ अली खान पर हमले के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में एक महिला से पूछताछ की। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र के अनुसार, जांच में पता चला है कि हमले के लिए मुंबई में पूर्व में गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशी नागरिक द्वारा इस्तेमाल किया गया सिम महिला के नाम पर पंजीकृत था। मुंबई पुलिस की दो सदस्यीय टीम रविवार को पश्चिम बंगाल पहुंची। पश्चिम बंगाल पुलिस के अधिकारी ने बताया कि मुंबई से पुलिस अधिकारियों की टीम ने नादिया जिले के छपरा में महिला से पूछताछ की है। गिरफ्तार की गई महिला का नाम खुखुमोनी जहांगीर शेख है। वह पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के अंदुलिया की मूल निवासी है। महिला का कहना है कि वह गिरफ्तार बांग्लादेशी शरीफुल फकीर को नहीं जानती है।



### जांच सही दिशा में : सीएम फडणवीस

*बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर हमले का केस सुलझने के बजाय दिन प्रतिदिन उलझता जा रहा है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपी के फिंगर प्रिंट्स मैच न होने के सवाल पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि जो बातें पुलिस ने नहीं कही हैं, उन बातों को बताकर मीडिया कंफ्यूजन न फैलाए। उन्होंने मुंबई के कमिश्नर से मीडिया को केस की पूरी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा। देवेंद्र फडणवीस ने कहा, 'मैं साफ कहता हूं, मीडिया से भी मेरा कहना है, जिन बातों की पुष्टि नहीं हुई है और पुलिस ने जो बातें नहीं बताई हैं, उन्हें लिखकर या दिखाकर इस तरह कंफ्यूजन तैयार करना ठीक नहीं है। मैं इतना ही कहूंगा कि इस मामले में पुलिस बहुत अच्छी तरह से तफ्तीश कर रही है।'*

## परिजनों ने किया शादी का विरोध

### नाबालिग कपल ने किया ट्रेन के सामने कूदकर सुसाइड

मुनीब चौरसिया । मुंबई

विक्रोली इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक कपल ने एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी है। जान देने वाले लड़के की उम्र 19 साल और लड़की की उम्र सिर्फ 15 साल थी। दोनों ने इस तरह से जान देने से इलाके में हड़कंप मच गया है। इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है और पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि यह जोड़ा एक-दूसरे से प्यार करता था और शादी करना चाहता था, लेकिन लड़की के नाबालिग होने और परिवार के विरोध के चलते उन्होंने एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है।

#### परिवार वाले शादी के खिलाफ थे

मिली जानकारी के अनुसार, 19 साल का लड़का और 15 साल की लड़की एक-दूसरे से प्यार करते थे। दोनों ने शादी करके अपना घर बसाने का सपना देखा था, लेकिन उनके परिवार वाले उनकी शादी के खिलाफ थे। साथ ही लड़की भी नाबालिग थी। घरवालों के विरोध को देखते हुए, दोनों ने अपनी जान देने का फैसला किया। दोनों ने विक्रोली रेलवे स्टेशन के पास एक एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी। इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है और पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### बीजेपी ने खरगे के बयान को बताया सनातन विरोधी

**नई दिल्ली।** प्रयागराज में महाकुंभ में संगम पर डुबकी लगाने वाले भाजपा नेताओं पर टिप्पणियों के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की भाजपा ने आलोचना की है। पार्टी ने उनकी टिप्पणियों को सनातन विरोधी बताया और राहुल गांधी व सोनिया गांधी की ओर से माफी की मांग की। दरअसल, मध्य प्रदेश के महू में 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने आरोप लगाया था कि भाजपा नेता कैमरों के लिए संगम में डुबकी लगाने के लिए एक दूसरे से होड़ कर रहे हैं।

उद्धव को झटका | सीनियर महिला नेता ने थामा शिंदे गुट का दामन

# सियासी खलबली: शुरू हुआ 'ऑपरेशन टाइगर'

एन. के. पुरोहित । मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के मुकाबले पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) पार्टी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। इसका साइड इफेक्ट अब महाराष्ट्र की राजनीति में देखने को मिल रहा है। शिवसेना (यूबीटी) में ऑपरेशन टाइगर शुरू होने के संकेत शिवसेना (शिंदे गुट) के मंत्री प्रताप सरनाईक ने दिए हैं। उनका दावा है कि धाराशिव में शिवसेना (यूबीटी) को बड़ा झटका लगेगा। उनके सांसद और विधायक डीसीएम शिंदे के संपर्क में हैं। वहीं पार्टी की सीनियर महिला नेता राजुल पटेल ने एकनाथ शिंदे की शिवसेना का दामन थाम लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से शिवसेना (यूबीटी) में काम करने के बावजूद भी उनकी अनदेखी हुई। राजुल पटेल का पार्टी से अलग होना बीएमसी चुनाव से पहले उद्धव ठाकरे के लिए बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है।



### क्या बोलीं राजुल पटेल?

*शिवसेना का दामन थामने के बाद उन्होंने कहा कि लंबे समय से पार्टी में काम करने के बाद मेरी अनदेखी हुई. एकनाथ शिंदे ने हमेशा आम लोगों के लिए काम किया. बतौर मुख्यमंत्री मैं उनके काम से प्रभावित हुई. इसलिए मैंने पार्टी का दामन थामने का फैसला किया।*

### शिंदे गुट में मुंबई, नासिक, कोल्हापुर से पदाधिकारी

*विले पार्ले से शाखा प्रमुख सुनील भागड़े, वर्ली से सुरेश कोठेकर और रोशन पावस्कर सहित 40 पदाधिकारी और 50 कार्यकर्ता शिवसेना में शामिल हुए। मानखुर्द के शिवाजी नगर से कार्यकर्ताओं और उत्तर मध्य मुंबई से अशोक लोखंडे समेत 20 पदाधिकारियों ने शिंदे गुट का दामन थामा। वहीं, मीरा भायंदर नगर पालिका के पूर्व नगरसेवक प्रवीण पाटिल, जयंती पाटिल, अरविंद ठाकुर, शिव शंकर तिवारी भी शिवसेना में शामिल हुए। कोल्हापुर जिले के प्रदेश महासचिव सुजीत समुद्रे, प्रमोद धनावड़े, शीतल कांबले, उल्हास वाघमारे, किरण कांबले समेत कई कार्यकर्ताओं ने प्रवेश किया। सांगली जिले के प्रदेश महासचिव प्रशांत कांबले समेत सैकड़ों कार्यकर्ता प्रवेश कर गये. नासिक जिले में ठाकरे समूह की इंदुबाई सुदाम नागरे, पूर्व नगरसेवक विक्रम नागरे और राष्ट्रवादी शरद पवार समूह की महिला क्षेत्रीय सचिव समीना शोएब मेनन पार्टी में शामिल हुईं। इसके साथ ही इगतपुरी, त्र्यंबकेश्वर, मालेगांव शाहपुर, पूर्व ठाकरे विधायक काशीनाथ मेंगल के 200 कार्यकर्ता शिवसेना में शामिल हुए।*

# रायगढ़ के संरक्षक मंत्री पद के लिए शिवसेना-NCP में विवाद

## गोगावले बोले- मेरा विरोध कर रहे तटकरे

**डीबीडी संवाददाता | रायगढ़**

महाराष्ट्र के मंत्री और शिवसेना विधायक भारत गोगवले ने सोमवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के राज्य अध्यक्ष सुनील तटकरे उनकी रायगढ़ जिले के संरक्षण मंत्री पद की उम्मीदवारी का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार जल्द ही फैसला लेंगे। वहीं, अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने गोगावले के आरोपों को खारिज किया और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे से आग्रह किया कि वह अपने बड़बोले नेताओं को नियंत्रित करें। रायगढ़ जिले के संरक्षक मंत्री पद को लेकर शिवसेना और राकांपा में विवाद पैदा हुआ है। जबकि दोनों दल भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन का हिस्सा हैं। गोगावले और राकांपा मंत्री अदिति तटकरे (सुनील तटकरे की बेटी) के बीच विवाद के कारण मुख्यमंत्री फडणवीस को अदिति को यह पद न देने का फैसला करना पड़ा। गोगावले ने कहा, संरक्षक मंत्री के लिए एकनाथ शिंदे ने मेरे नाम की सिफारिश की थी। विवाद पूरी तरह से एक अलग वजह से हुआ। हमने लोकसभा चुनावों में पूरी ईमानदारी से सुनील तटकरे के लिए काम किया और यह सुनिश्चित किया कि हमारी तरफ से कोई कमी न हो। उन्होंने आरोप लगाया कि शिवसेना ने सुनील तटकरे का समर्थन किया। लेकिन वह हमारे खिलाफ काम कर रहे हैं और गलत आरोप लगा रहे हैं।

### तटकरे ने मेरे विरोधियों से हाथ मिलाया: गोगावले




रायगढ़ जिले के महाड से विधायक गोगावले ने कहा, मैं संरक्षण मंत्री पद के लिए दौड़ में हूं, वह (सुनील तटकरे) मुझे वहां नहीं देखना चाहते हैं। गोगावले ने यह भी आरोप लगाया कि रायगढ़ के सांसद सुनील तटकरे ने विपक्षी नेताओं के साथ मिलकर उन्हें और महागठबंधन के अन्य नेताओं को विधानसभा चुनावों में हरवाने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा, सुनील तटकरे ने कई लोगों के साथ समझौते किए, ताकि हम चुनाव हार जाएं। उन्होंने अलीबाग के विधायक महेंद्र दलवी को हराने के लिए पीडब्लूपी के जयंत पाटिल के साथ भी हाथ मिलाया। इसी तरह उन्होंने मेरे खिलाफ मेरे विरोधियों से मिलकर काम किया। अगर हमारी तरफ से उनके चुनावी अभियान में कोई गलती हुई हो, तो उन्हें उसे सामने लाना चाहिए। अब उनका असली चेहरा सामने आ गया है। यही वजह है कि हम नाराज हैं। गोगावले ने यह भी आरोप लगाया कि सुनील तटकरे और उनकी बेटी अदिति ने शिवसेना कार्यकर्ताओं के साथ गलत व्यवहार किया। उन्होंने पूछा, हमने उनके लिए सबकुछ किया और अगर वे इस तरह का व्यवहार कर रहे हैं, तो यह कैसे उचित हो सकता है? वहीं, गोगावले के बयान राकांपा नेता सूरज चव्हाण ने प्रतिक्रिया दी और उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। चव्हाण ने कहा, मैं एकनाथ शिंदे से अनुरोध करता हूं किरायगढ़ संरक्षक मंत्री पद को लेकर जो आरोप लगाए जा रहे हैं, उन पर तुरंत कड़ी कार्रवाई करें।

# ऐरोली एवं बेलापुर प्रभाग में अतिक्रमण विभाग की कार्रवाई

**डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई**



नवी मुंबई नगर निगम के अतिक्रमण विभाग के माध्यम से अनाधिकृत निर्माण के खिलाफ नवी मुंबई नगर निगम के अतिक्रमण विभाग की ओर से नोटिस देने के बावजूद संबंधित पक्षों द्वारा नोटिस पर ध्यान नहीं देने के कारण । आयुक्त डॉ। कैलास शिंदे एवं अपर आयुक्त (2) डॉ। राहुल गेठे के मार्गदर्शन में अतिक्रमण विभाग ने ऐरोली और बेलापुर प्रभाग में बेदखली की कार्रवाई की। नवी मुंबई नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में जी-41, सेक्टर-03, ऐरोली, जी डिवीजन, ऐरोली में आरसीसी भवन का निर्माण नवी मुंबई नगर निगम की अनुमति के बिना शुरू किया गया था। उक्त अनधिकृत निर्माण को ऐरोली डिवीजन के माध्यम से महाराष्ट्र क्षेत्रीय योजना और नगर नियोजन अधिनियम, 1966 की धारा 54 के तहत नोटिस जारी किया गया था। संबंधित द्वारा किये गये अनाधिकृत निर्माण को हटाना आवश्यक था। लेकिन उन्होंने अनधिकृत निर्माण जारी रखा। आज दिनांक 27/01/2025 को अतिक्रमण अभियान चलाकर उक्त अनाधिकृत निर्माण को आंशिक रूप से हटा दिया गया है। इस हड़ताली अभियान के लिए डिवीजन के सहायक आयुक्त जी ऐरोली डॉ। अंकुश जाधव, कनिष्ठ अभियंता संदीप म्हात्रे और अतिक्रमण विभाग के अधिकारी/कर्मचारी और अतिक्रमण पुलिस टीम उपस्थित थी। इस ऑपरेशन में 3 हथौड़े, 1 गैस कटर, 3 ब्रेकर, 15 मजदूर और 01 मुकादम का उपयोग किया गया है। नवी मुंबई नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में उरण फाटा नवी मुंबई राजमार्ग (राजमार्ग) के किनारे स्थित कुल 22 अनधिकृत झोपड़ियों को स्वयं हटाया जाना आवश्यक था। ए डिवीजन कार्यालय बेलापुर और बी डिवीजन कार्यालय नेरुल के माध्यम से संयुक्त अभियान चलाकर अनधिकृत झुग्गियों को हटाया गया है। इस धरना अभियान में ए डिविजन कार्यालय एवं बी डिविजन कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी, मजदूर-12, जेसीबी-01 के साथ-साथ अतिक्रमण विभाग की पुलिस को तैनात किया गया था। साथ ही अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई भी इसी तरह तेज की जायेगी।

## शादी में जा रहे बरातियों की बस पलटी, 10 घायल, 4 की हालत गंभीर

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**




मुंबई-नासिक मार्ग पर एक निजी मिनी बस के पलट जाने से दस लोग घायल हो गए। 10 और अन्य लोगों के साथ ये सभी लोग एक शादी में जा रहे थे जब ये हादसा हुआ। घटना में 4 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मुंबई-नासिक मार्ग पर एक निजी मिनी बस के पलट जाने से दस लोग घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को ये जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना रविवार सुबह करीब नौ बजे कसारा घाट पर हुई जब लगभग 20 लोग बस में सवार होकर पड़ोसी मुंबई के कफ परेड से नासिक के सिन्नर एक विवाह समारोह के लिए जा रहे थे। चिंतामनवाड़ी मोड़ पर बस चालक ने पहियों पर नियंत्रण खो दिया। नतीजा ये हुआ कि बस पलट गई। कसारा पुलिस स्टेशन के निरीक्षक सुरेश गावित ने बताया कि घटना में दस लोगों को चोटें आईं। घायलों तो शाहपुर और अन्य पड़ोसी शहरों के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा कि उनमें से चार की हालत गंभीर थी, उन्हें आगे के इलाज के लिए मुंबई के सरकारी जेजे अस्पताल में ट्रांसफर कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है।

## उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आदित्य ठाकरे पर साधा निशाना



**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को शिवसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे की उस टिप्पणी के लिए उनकी आलोचना की, जिसमें ठाकरे ने कार्यकर्ताओं और नेताओं के पार्टी छोड़कर शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने को लेकर हमला बोला था। शिंदे ने कहा कि अन्य दलों से कार्यकर्ताओं का शामिल होना दर्शाता है कि 'महायुति' गठबंधन आगामी स्थानीय निकाय के चुनावों में अच्छे बहुमत से जीत हासिल करेगा। शिंदे ने कहा, 'पार्टी छोड़ने वालों पर आदित्य ठाकरे की टिप्पणी अनुचित थी। उन्हें (शिवसेना उबाठा) ऐसी बातों में पड़ने के बजाय आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। ये लोग जिन्हें आदित्य ठाकरे ने 'गटर' कहा है, वे शिवसेना (यूबीटी) को उसकी जगह दिखाएंगे।' उन्होंने आदित्य पर 'लाडकी बहिन योजना' की महिला लाभार्थियों का अपमान करने का भी आरोप लगाया।

# कांदिवली के एक स्कूल में बम रखने की धमकी से अफरा-तफरी

- **तलाशी में नहीं मिला विस्फोटक**
- **स्कूल प्रबंधन को मिला धमकी भरा ईमेल**
- **पुलिस ने पूरे स्कूल परिसर की ली तलाशी**

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



कांदिवली में स्थित कांदिवली एजुकेशन सोसाइटी परिसर में सोमवार को सुबह अचानक बम रखे जाने का धमकी भरा ईमेल मिलने से अफरातफरी मच गई। स्कूल प्रशासन ने तत्काल सभी बच्चों की छुट्टी कर घर भेज दिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने स्कूल के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली, लेकिन कहीं बम नहीं मिला। इस पर पुलिस और स्कूल प्रशासन ने राहत की सांस ली। कांदिवली पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार सोमवार को सुबह कांदिवली इलाके में कांदिवली एजुकेशन सोसाइटी में सभी छात्र अपनी कक्षाओं में पढ़ रहे थे। उसी समय स्कूल प्रशासन को एक ईमेल मिला। इस ईमेल में कहा गया था कि वे अफजल गैंग से हैं और स्कूल परिसर में बम फिट कर दिया गया है। इस ईमेल मिलने के बाद स्कूल प्रशासन सतर्क हो गया और सभी बच्चों की तत्काल छुट्टी कर उन्हें घर भेज दिया गया। स्कूल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस स्कूल पहुंची। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस बम निरोधक दस्ते ने पूरे स्कूल परिसर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान स्कूल परिसर में कहीं भी कोई भी विस्फोटक नहीं मिला है। इसके बाद स्कूल प्रशासन ने राहत की सांस ली। कांदिवली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जलगांव को मिले 730 करोड़ रुपये, पालकमंत्री गुलाबराव पाटिल ने जिला वार्षिक योजना के तहत दी मंजूरी

**डीबीडी संवाददाता | जलगांव**




जिला वार्षिक योजना 2025-26 के लिए जलगांव को 729.87 करोड़ रुपये के प्रारूप को सोमवार को पालकमंत्री गुलाबराव पाटिल की अध्यक्षता में हुई जिला नियोजन समिति की बैठक में मंजूरी दे दी गई है। जलगांव जिले में अब विकासकार्यों में तेजी आएगी। जलगांव शहर के प्रमुख सड़कों पर फुटपाथ सहित नालियां बनाने की आवश्यकता है। ताकि सड़कें खराब न हों, इसके लिए सरकार को प्रस्ताव भेजने के निर्देश पालकमंत्री गुलाबराव पाटिल ने दिए। बैठक में विशेष रूप से शहीद जवानों के लिए निधि मिलने के लिए सरकार से मांग करने का प्रस्ताव भी इस दौरान स्वीकृत किया गया। जिला नियोजन समिति की बैठक में पालकमंत्री और जिलाधिकारी द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए सांसद, विधायक द्वारा अभिनंदन प्रस्ताव पारित किया गया।

### किसे मिला कितना फंड

साल 2025-26 के लिए जलगांव जिले के लिए कुल 729.87 करोड़ रुपये का निधि मंजूर किया गया है। जिसमें: सामान्य योजना 574.59 करोड़ रुपये, विशेष घटक योजना (अनुसूचित जाति) 93 करोड़ रुपये, आदिवासी उपयोजना 62.28 करोड़ रुपये शामिल है।जिला नियोजन के निधि में से जिला विकास आरेख के लिए 25 प्रतिशत निधि देना है और वह राशि 145 करोड़ रुपये है। इस बारे में चर्चा की गई और निधि को मंजूरी दी गई।

### शहीद जवानों के स्मारकों के लिए निधि की मांग

पिछली बैठक में जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शहीद जवानों के लिए प्रत्येक को 25-30 लाख रुपये निधि मंजूर करने के बारे में विषय रखा गया था। लेकिन, जिला नियोजन के तहत स्मारकों के लिए योजना बंद होने के कारण उस पर खर्च करना संभव नहीं था। इसलिए विशेष मामला के रूप में सरकार से अतिरिक्त निधि की मांग करने का प्रस्ताव किया गया है।

## पेड़ की पत्तियां तोड़ने के दौरान युवक को लगा करंट, अस्पताल ले जाने से पहले ही हुई मौत

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**



महाराष्ट्र के ठाणे में टीन की शेड पर चढ़कर पेड़ से पत्ता तोड़ रहे युवक को करंट लग गया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान आशुतोष प्रजापति के रूप में हुई है। इस हादसे में आशुतोष बुरी तरह झुलस गया। परिवार के सदस्यों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रविवार दोपहर एक दुखद हादसे में 17 साल के युवक की मौत हो गई। दरअसल कल्याण इलाके में खड़ेगोलेवाली क्षेत्र में करंट लगने से उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान आशुतोष प्रजापति के रूप में हुई है। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बताया कि आशुतोष अपने घर की टीन की छत पर चढ़कर पेड़ की पत्तियां तोड़ने की कोशिश कर रहा था, तभी वह ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार के संपर्क में आ गया। इस हादसे में आशुतोष बुरी तरह झुलस गया। परिवार के सदस्यों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि इस घटना के संबं आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है। हादसे के बाद मतक का परिवार सदमे में है। स्थानीय लोगों ने बताया कि खड़ेगोलेवाली क्षेत्र में खुले बिजली के तार लंबे समय से खतरा बने हुए हैं। कई बार अधिकारियों से इनकी मरम्मत की मांग की गई है, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय निवासियों ने अधिकारियों से जल्द से जल्द इस समस्या को हल करने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसे हादसे न हों। दूसरी तरह आशुतोष की अचानक मौत से उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# वाशी प्रभाग में गहन सफाई अभियान

**डीबीडी संवाददाता | वाशी**



गहन सफाई अभियान चलाते समय सड़क के किनारे की मिट्टी को उठाकर साफ करने के साथ-साथ हवा में धूल की मात्रा को कम करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और 13 दिसंबर से 2 जनवरी तक चलने वाले सफाई पखवाड़े के बाद भी गहन सफाई अभियान चलाया जा रहा है। विभाग को भी जारी रखा गया है। इसमें वाशी प्रभाग अधिकारी एवं छठे आयुक्त सागर मोड़ के अंतर्गत सेक्टर 10 के मिनी समुद्री तटीय क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया और पर्यटक स्थल के रूप में भीड़भाड़ वाले इस क्षेत्र की पूरी तरह से सफाई की गई। इसके साथ ही वाशी डिवीजन में सायन पनवेल राजमार्ग के हिस्से को भी शनिवार और सोमवार को पूरी तरह से साफ किया गया। इसी तरह का एक अभियान कोपरखैरणे डिवीजन के छठे आयुक्त और प्रभागीय अधिकारी द्वारा चलाया गया था। इसे महापे गांव और क्षेत्र में सुनील कठोले के नियंत्रण में लागू किया गया था। इसके तहत महापे गांव और गावठान की मुख्य सड़कों के साथ-साथ आंतरिक सड़कों और मोहल्लों में गहन सफाई की गई। बेलापुर मंडल के माध्यम से 6वें आयुक्त एवं विभाग अधिकारी डॉ। अमोल पालवे के नियंत्रण में, अपोलो सिग्नल से नामुम्पा मुख्यालय तक अम्रमार्ग को अच्छी तरह से साफ किया गया था। उरण, उल्वे और जेएनपीटी जाने वाले भारी वाहन नियमित रूप से इस सड़क से गुजरते हैं, इसलिए सड़क के किनारे बड़े पैमाने पर गंदगी और रेत जमा हो जाती है। इस संबंध में इस सड़क की नियमित रूप से गहन सफाई की योजना बनाकर उसे क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके तहत सड़क के किनारे जमा बजरी, धूल और मिट्टी को उठाया गया और मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन से फुटपाथ और किनारे पर पानी छिड़क कर धूल को रोका गया। नगर आयुक्त डॉ। कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में गहन सफाई अभियान चलाया जा रहा है और इसके चलते स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण दोनों के अतिरिक्त आयुक्त । सुनील पवार के नेतृत्व में देखभाल की जा रही है। कई स्थानों पर नागरिक भी इन गहन सफाई अभियानों में भाग ले रहे हैं और इनमें एनएसएस और एनसीसी के छात्रों की भी अच्छी खासी संख्या है।

## मुंबई के कुर्ला में 15 मंजिला इमारत लगी में आग

**डीबीडी संवाददाता | कुर्ला**

मुंबई के कुर्ला पूर्व इलाके में एक आवासीय इमारत में आग लग गई, जिसके बाद वहां हड़कंप मच गया। हालांकि इस आग की घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि समय रहते मकान के सभी लोगों को इमारत से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। न्यूज एजेंसी की खबर के मुताबिक ये घटना रविवार शाम को हुई। अधिकारी ने कहा, यह एक लेवल वन (कम तीव्रता) की आग थी, जो ग्राउंड फ्लोर से लेकर शिवाजी नगर एसआरए बिल्डिंग की 15वीं मंजिल तक इलेक्ट्रिकल डक्ट तक सीमित थी। अधिकारी ने बताया, घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इमारत में कोई भी फंसा नहीं है, क्योंकि सभी निवासियों को समय पर निकाल लिया गया था। आग बुझाने के लिए चार दमकल गाड़ियां, तीन जंबो टैंकर और कई कर्मचारी घटनास्थल पर मौजूद हैं। इससे पहले 7 जनवरी को महाराष्ट्र में मुंबई के अंधेरी पश्चिम स्थित एक मल्टीस्टोरी इमारत की 11वीं मंजिल पर भीषण आग लग गई थी। इमारत के आग की चपेट में आने से अफरा-तफरी मच गई थी। हालांकि फायर ब्रिगेड की लगभग एक दर्जन गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया था।

# युवक की हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर फेंका

## पुराने विवाद में युवक की हत्या, आरोपी फरार

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**



उल्हासनगर स्टेशन के पास पुराने रंजिश को लेकर एक युवक की हत्या कर रेलवे ट्रेक के पास फेक देने की घटना सामने आई है। मृतक का नाम संतोष साल्वे बताया जा रहा है। ट्रैक पर युवक का शव मिलने से शहर में हड़कंप मच गया। उल्हासनगर-5 के वीर तानाजी नगर निवासी संतोष साल्वे अपने परिवार के साथ रहता था। रविवार शाम संतोष को उसके दोस्तों करण बालू उकिर्डे और अजय माली ने उल्हासनगर रेलवे स्टेशन पर आम्रपाली रेलवे ट्रैक के पास फोन कर पार्टी करने को बुलाया था। किसी बात को लेकर आपस मे नोकझोक हुई संतोष की हत्या कर रेलवे ट्रेक के पास छोड़कर आरोपी फरार हो गए। संतोष के भाई ने पुलिस को बताया कि वह उनके बीच पुराने विवाद को लेकर नाराज था और उसने संतोष की बेरहमी से पिटाई कर दी। संतोष के शव को अब पोस्टमार्टम के लिए उल्हासनगर के सरकारी अस्पताल में लाया गया है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए हैं। रेलवे पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

# 7वीं मंजिल से कूद कर व्यक्ति ने दी जान

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां घरेलू विवाद में एक व्यक्ति ने 7वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां घरेलू विवाद के चलते एक व्यक्ति ने 7वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। पुलिस के अनुसार 48 वर्षीय एक व्यक्ति ने सात मंजिला इमारत की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। यह घटना 24 जनवरी की शाम को घोड़बंदर रोड पर कावेसर इलाके में हुई। कसारवाडावली पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बिना विस्तार से बताए बताया कि व्यक्ति अपने घर में झगड़े के कारण परेशान था। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद वह इमारत की छत पर गया, जहां उसका घर था और कथित तौर पर वहां से कूद गया। कुछ लोग उसे पास के अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि फिलहाल उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है और आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया गया है।

# कल्याण में रिक्षा चालकों की मनमानी पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

**सुशील सिंह | कल्याण**




कल्याण और डोंबिवली के स्टेशन क्षेत्र में रिक्षा चालकों की मनमानी बढ़ती जा रही है, जिससे यात्रियों के लिए यात्रा करना मुश्किल हो गया है। हाल ही में हुई घटनाओं ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। पिछले सप्ताह, एक यात्री पर बस में बैठने के विवाद के चलते जानलेवा हमला किया गया। इस घटना में रिक्षा चालक ने न केवल यात्री पर हमला किया, बल्कि बचाने आए दो अन्य व्यक्तियों पर भी हमला किया। आरोपी रिक्षा चालक का नाम मारुफ पोके है, जिसे महात्मा फुले पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डोंबिवली स्टेशन क्षेत्र में एक अन्य घटना में, रिक्षा चालक अमीन फरीद तडवी ने केडीएमटी के एक बस कंडक्टर और चालक पर हमला किया। घायल कंडक्टर ने रामनगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने रिक्षा चालक के खिलाफ कार्रवाई की। इन घटनाओं के बाद, कल्याण में रिक्षा चालक मारुफ पोके ने एक यात्री पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया, जिसमें राकेश नामक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। जब दो अन्य लोग राकेश को बचाने के लिए आगे आए, तो उन पर भी रिक्षा चालक ने हमला किया। महात्मा फुले पुलिस ने इस मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए मारुफ पोके को गिरफ्तार किया और उसे सार्वजनिक रूप से दंडित किया। इस कार्रवाई से अन्य रिक्षा चालकों को एक स्पष्ट संदेश दिया गया है कि मनमानी और हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस ने कहा है कि वे इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए कड़ी निगरानी रखेंगे और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। इस प्रकार की घटनाओं से न केवल यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ती है, बल्कि यह सार्वजनिक परिवहन प्रणाली की विश्वसनीयता को भी प्रभावित करती है। आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस ने सभी रिक्षा चालकों को चेतावनी दी है कि वे यात्री सुरक्षा का ध्यान रखें और किसी भी प्रकार की हिंसा से दूर रहें।

# मुंबई में बड़े ब्रांड का पर्दाफाश!

## हार्पिक-लाइज़ोल के नाम पर चल रहा था नकली माल का खेल!

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुंबई के कुर्ला इलाके में नकली जंतुनाशक उत्पादों की बड़ी खेप का भंडाफोड़ हुआ है। एक गुप्त सूचना के आधार पर, पुलिस ने एक दुकान और गोदाम पर छापा मारा, जहां नामी ब्रांड हार्पिक, लाइज़ोल और कोलिन के नकली उत्पाद बेचे और स्टॉक किए जा रहे थे।

यह कार्रवाई आईपी इन्वेस्टिगेशन एंड डिटेक्टिव सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत इन्वेस्टिगेशन अधिकारी दिनेश शिवराम शेट्टी की शिकायत के आधार पर की गई। उन्होंने बताया कि नकली उत्पादों की गुणवत्ता बेहद घटिया थी और वे असली उत्पादों की हूबहू नकल करने की कोशिश कर रहे थे। छापेमारी के दौरान दुकान मालिक इमरान हफिज खान (25) को हिरासत में लिया गया। जांच में पता चला कि यह नकली माल बड़े पैमाने पर होलसेल और रिटेल में बेचा जा रहा था।




### क्या मिला?

दुकान और गोदाम से हार्पिक, लाइज़ोल और कोलिन के नकली उत्पादों का बड़ा स्टॉक बरामद हुआ। विशेषज्ञों ने पुष्टि की कि ये उत्पाद असली ब्रांड्स की पैकेजिंग और लुक्स से मेल खाते हैं, लेकिन उनकी क्वालिटी बेहद खराब है।

### पुलिस की कार्रवाई

गुन्हे नियंत्रण शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक नितीन उनवणे और उनकी टीम ने यह कार्रवाई सफलतापूर्वक अंजाम दी। दुकान और गोदाम से नकली माल जब्त कर लिया गया है और आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### बढ़ते नकली उत्पादों का खतरा

यह घटना बताती है कि कैसे नकली उत्पाद न केवल बड़े ब्रांड्स की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन सकते हैं।

# मीठे पानी की मछली का पालन बढ़ाने का मुख्यमंत्री का निर्देश

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि राज्य में मीठे पानी में मछली पालन के लिए को बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मीठे पानी की मछली की मांग बढ़ने की बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि मीठे पानी में मछली पालन के लिए मछली बीज की उपलब्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए इस तरह के मछली पालन में वृद्धि करने के लिए एक नीति तय की जानी चाहिए।



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सोमवार को सह्याद्री अतिथिगृह में मत्स्य व्यवसाय विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मछली बीज की उपलब्धता बढ़ाने के लिए लक्षित प्रयास किए जाने चाहिए। राज्य में जहां-जहां मछली बीज उत्पादन में अच्छा काम हो रहा है, उन्हें प्रोत्साहन और निधि दी जानी चाहिए। इसके साथ ही समुद्री मछली पालन के लिए भी व्यापक नीति तैयार की जानी चाहिए। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि केंद्र सरकार ने मत्स्य व्यवसाय को कृषि व्यवसाय का दर्जा दिया है। केंद्र के नियमों के अनुसार राज्य के मछली पालकों को लाभ पहुंचाया जाना चाहिए। इसके अलावा बांध क्षेत्रों में मछली पालन व्यवसाय के लिए भी समग्र नीति तैयार की जाए। मछली पालन संस्थाओं का काम पारदर्शी रहे, यह सुनिश्चित किया जाए।

इस बैठक में पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे, मत्स्य व्यवसाय मंत्री नितेश राणे, खेल मंत्री दत्तात्रेय भरणे, राहत और पुनर्वास मंत्री मकरंद जाधव पाटील, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विकास खारगे, प्रधान सचिव अश्विनी भिड़े, सचिव डॉ. श्रीकर परदेशी और संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव उपस्थित थे।

# इतिहास को तोड़ना-मरोड़ना सही नहीं: सीएम

- सीएम फडणवीस ने फिल्म 'छावा' के निर्माताओं को दी सलाह



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' के निर्माताओं से संवेदनशीलता और रचनात्मकता का संतुलन बनाए रखने का आग्रह किया है। यह आग्रह फिल्म से जुड़े हालिया विवादों के बाद आया है। फडणवीस ने फिल्म में इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करने से बचने की भी सलाह दी है। दरअसल फिल्म छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है और 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी।

मुख्यमंत्री ने एक न्यूज चैनल से बातचीत में छत्रपति संभाजी महाराज के इतिहास को सही ढंग से चित्रित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इतिहास को तोड़ना-मरोड़ना अनुचित है। उन्होंने लोगों के संभाजी महाराज के प्रति गहरे सम्मान का जिक्र किया। साथ ही फिल्म निर्माताओं से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि उनकी रचनात्मकता संवेदनशीलता के साथ संतुलित हो। यह मामला महाराष्ट्र के मंत्री उदय सामंत की हालिया टिप्पणियों के बाद उठा है। उदय सामंत ने विक्की कौशल की आगामी फिल्म के एक सीन पर निराशा व्यक्त की थी। उन्होंने छत्रपति संभाजी महाराज के डांस करने वाले सीन पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने इस सीन को हटाने की मांग की थी। सामंत ने फिल्म की रिलीज को रोकने की धमकी भी दी। उन्होंने कहा कि अगर आपत्तियां उठाई जाती हैं, तो इसे रिलीज नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने छत्रपति संभाजी महाराज के डांस के सीन की आलोचना की और सीन को हटाने का आह्वान किया। उन्होंने सुझाव दिया कि फिल्म को रिलीज से पहले इतिहासकारों और विद्वानों की ओर से समीक्षा की जानी चाहिए।

### फिल्म के निर्देशक ने दिया भरोसा

विवाद के बाद फिल्म के निर्देशक लक्ष्मण उट्टेकर ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के नेता राज ठाकरे से मुलाकात की। उन्होंने उन्हें आश्वासन दिया कि विक्की कौशल अभिनीत फिल्म से किसी भी आपत्तिजनक सीन को रिलीज से पहले हटा दिया जाएगा। दरअसल फिल्म 'छावा' 14 फरवरी को रिलीज होगी। 'छावा' एक पीरियड ड्रामा है, जिसमें विक्की कौशल लीड रोल में हैं। फिल्म में विक्की छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाएंगे जबकि रश्मिका महारानी येसुबाई के रोल में दिखेंगी। येसुबाई को मराठा साम्राज्य की छत्रपति महारानी कहा जाता था।

# महात्मा सावित्रीबाई फुले स्मारक के विस्तारीकरण कार्य को प्रशासनिक मंजूरी

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

पुणे स्थित महात्मा फुले वाडा और क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले स्मारक के विस्तारीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण और निवासियों के पुनर्वास के लिए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की है। इन कार्यों के लिए 200 करोड़ रुपये की निधि स्वीकृत की गई है। इस प्रशासनिक मंजूरी से स्मारक के विस्तारीकरण कार्यों में तेजी आएगी।

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि पुणे शहर में महात्मा फुले वाडा और क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले स्मारक के विस्तारीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण और निवासियों के पुनर्वास के कार्य के लिए 200 करोड़ रुपये की निधि बजट में स्वीकृत की गई है। विस्तारीकरण के तहत भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास के बाद फुले वाडा और सावित्रीबाई फुले स्मारक को जोड़ने के लिए एक मार्ग का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही दोनों स्मारकों का संरक्षण और विकास किया जाएगा। प्रशासनिक मंजूरी के बाद, स्वीकृत निधि को पुणे नगर निगम को वितरित किया जाएगा, जिससे इन स्मारकों के कार्यों में तेजी आएगी।



# महाराष्ट्र के छह हजार महाविद्यालयों में 'संविधान गौरव महोत्सव' मनाया जाएगा

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटील ने सोमवार को कहा कि भारतीय संविधान के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में राज्य में छह हजार महाविद्यालयों में फरवरी महीने में 'संविधान गौरव महोत्सव' मनाया जाएगा।

चंद्रकांत पाटील ने मुंबई में पत्रकारों को बताया कि भारतीय संविधान ने भारत को एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया। भारतीय इतिहास के इस ऐतिहासिक परिवर्तनकारी क्षण को सम्मानित करने के लिए फरवरी 2025 के पूरे महीने 'संविधान गौरव महोत्सव' मनाया जाएगा। इस महोत्सव का उद्देश्य संविधान में निहित मूलभूत मूल्यों का पुनः स्मरण करना और नागरिकों को उनके संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित करना है। यह लोकतंत्र का उत्सव है, जिसे बड़े गर्व के साथ मनाने का अवसर है।



चंद्रकांत पाटील ने बताया कि 26 नवंबर, 1949 को भारतीय संविधान को अंगीकृत किया गया था और 26 नवंबर, 2024 को इस घटना के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। 26 जनवरी, 1950 को भारतीय संविधान लागू हुआ था और 26 जनवरी, 2025 को इस ऐतिहासिक घटना को 75 वर्ष पूरे हो गए। इस 75 वर्षों की यात्रा उल्लेखनीय रही है और इसके केंद्र में हमारे संविधान निर्माताओं की व्यापक दृष्टि है, जिनका योगदान देश के भविष्य को मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा।

# बोलने से पहले सोचे समझे वरिष्ठ नेता हुसैन दलवई: आनंद दुबे

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

हाल ही में महाकुंभ को लेकर और उसकी व्यवस्था को लेकर कांग्रेस नेता हुसैन दलवई ने टिप्पणी की थी। उनकी इस टिप्पणी पर शिवसेना यूबीटी के प्रवक्ता आनंद दुबे ने पलटवार किया है। महाकुंभ की व्यवस्था को देखने के लिए हुसैन दलवई को न्यौता दिया है।

आनंद दुबे ने कहा कि धर्म को पीछे छोड़ रेमो फर्नांडीज ने भी कुंभ में स्नान किया है और खुद समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने तक कुंभ में पवित्र स्नान किया है। हुसैन दलवई कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में से एक है उन्हें कुछ भी बोलने से पहले सोचना और समझना चाहिए।



### आनंद दुबे ने की निंदा

महाकुंभ 2025 पर कांग्रेस नेता हुसैन दलवई के बयान पर शिवसेना (यूबीटी) प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा, "हुसैन दलवई कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। उन्हें कुछ भी बोलने से पहले सोचना चाहिए। हुसैन दलवई को कुंभ के बारे में क्या पता? क्या वे कभी कुंभ गए हैं? उन्होंने इसे केवल टीवी पर देखा है। हम उन्हें कुंभ में आमंत्रित करते हैं और पवित्र स्नान कराते हैं।" व्यवस्था को लेकर हो रही खामियों के बारे में आनंद दुबे ने कहा, "जब 35-40 करोड़ लोगों की भीड़ इकट्ठा होती है, तो हमें इसे बर्दाश्त करना पड़ता है, भले ही प्रबंधन में थोड़ी कमी हो। यह सनातन का उत्सव है।

### कांग्रेस नेता हुसैन दलवई ने दिया था बयान

महाकुंभ मेला 2025 पर कांग्रेस नेता हुसैन दलवई ने कहा, "चूंकि महाकुंभ में बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं, इसलिए व्यवस्थाएं भी अच्छी होनी चाहिए। श्रद्धालुओं को जत्थों में गंगा नदी में पवित्र स्नान करने की अनुमति दी जानी चाहिए। महाकुंभ में आम लोगों के पास रहने के लिए जगह नहीं है।" महाकुंभ की सुविधाओं के बारे में हुसैन दलवई ने कहा था, "महाकुंभ में सुविधाएं अच्छी नहीं हैं। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बीमारियां न फैलें। डुबकी लगाने से पापियों के पाप कैसे धुलेंगे? मुझे ऐसा नहीं लगता। किसी को भी पाप नहीं करना चाहिए।

# सैफ पर हमला करने वाले बांग्लादेशी के समर्थन में कांग्रेस: संजय निरुपम

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

शिवसेना नेता संजय निरुपम ने इस मुद्दे को उठाते हुए महाराष्ट्र कांग्रेस पर निशाना साधा है. उन्होंने कांग्रेस पर अभिनेता पर हमला करने वाले बांग्लादेशी का समर्थन करने का आरोप लगाया है। साथ ही यो भी कहा कि कांग्रेस की इसी नीति का खामियाजा आम लोग भुगत रहे हैं। सैफ अली खान पर हमले का मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। आए दिन इस केस में नए-नए खुलासे हो रहे हैं। जिसके बाद ये केस सुलझने के बजाय उलझता ही जा रहा है। वहीं इस मामले को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। शिवसेना नेता संजय निरुपम ने इस मुद्दे को उठाते हुए महाराष्ट्र कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कांग्रेस पर अभिनेता पर हमला करने वाले बांग्लादेशी का समर्थन करने का आरोप लगाया है। साथ ही यो भी कहा कि कांग्रेस की इसी नीति का खामियाजा आम लोग भुगत रहे हैं।



संजय निरुपम ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। जिसमें उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि 'महाराष्ट्र कांग्रेस सैफ अली खान पर हमला करने वाले बांग्लादेशी के समर्थन में खड़ी हो गई है। पार्टी के अध्यक्ष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर इस केस की चल रही छानबीन पर सवाल उठाया है और कहा है कि बांग्लादेशी घुसपैठिये को मुंबई पुलिस नाहक फंसा रही है।" महाराष्ट्र कॉंग्रेस सैफ अली खान पर हमला करनेवाले बांग्लादेशी के समर्थन में खड़ी हो गई है। पार्टी के अध्यक्ष ने प्रेस कॉन्फ़्रेंस बुलाकर इस केस की चल रही छानबीन पर सवाल उठाया है और कहा है कि बांग्लादेशी घुसपैठिये को मुंबई पुलिस नाहक फँसा रही है।

### TMC पर संजय निरुपम का हमला

टीएमसी को घेरते हुए निरुपम ने आगे कहा 'तृणमूल कांग्रेस वाले तो वोट बैंक बढ़ाने के लिए पश्चिम बंगाल में घुसपैठ को बढ़ावा देते हैं। इसका खामियाजा दिल्ली-मुंबई के लोग भोग रहे हैं। इनके खिलाफ राज्य सरकारों को बिना किसी उदारता के सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और इन्हें बांग्लादेश तक खदेड़ना चाहिए। क्योंकि ये बांग्लादेशी मजदूरी के लिए आते हैं और आपराधिक गतिविधियों में शामिल होते हैं।"



### सैफ की जल्द रिकवरी पर उठाया था सवाल


इससे पहले शिवसेना नेता संजय निरुपम ने अभिनेता सैफ अली खान की 'इतनी जल्दी' रिकवरी पर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा था कि 16 जनवरी को सैफ के साथ जो कुछ भी हुआ, वह बेहद चिंताजनक है। हम परिवार के साथ हैं। सैफ को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और बाहर वह ऐसे दिखे हैं जैसे वह शूटिंग करने के लिए फिट हैं। यह देखना आश्चर्यजनक है। उन्होंने कहा था कि डॉक्टरों ने बताया था कि चाकू सैफ की पीठ में 2 I5 इंच तक घुस गया था, जिसके लिए 6 घंटे का ऑपरेशन करना पड़ा। चिकित्सकीय रूप से इतनी जल्दी ठीक होना कैसे संभव है?।

### 'घुसपैठियों के समर्थन में कांग्रेस'

इसके आगे उन्होंने आगे लिखा, "यह पहली बार नहीं है कि कांग्रेस बांग्लादेशी घुसपैठियों के समर्थन में निकली है। यह उनकी घोषित नीति है। दरअसल भारत में बांग्लादेशी घुसपैठ की समस्या की जड़ में यही नीति है। तृणमूल कांग्रेस से लेकर वामपंथी और कांग्रेस तक, ये सारे सेकुलरिज्म के नाम पर बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ कभी सख्ती नहीं बरती।"

# मतदाताओं की संख्या राज्य की वयस्क आबादी के आंकड़े से अधिक

- कांग्रेस का चुनाव आयोग से सवाल



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

कांग्रेस ने महाराष्ट्र में मतदाताओं की संख्या राज्य की वयस्क आबादी के आंकड़े से अधिक होने को लेकर चुनाव आयोग से सवाल किया है। ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस (एआईपीएफ) के अध्यक्ष प्रवीण चक्रवर्ती ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि चुनाव आयोग के अनुसार लोकसभा 2019 और 2024 के चुनावों के बीच पांच वर्षों में राज्य के मतदाताओं की संख्या में 32 लाख की वृद्धि हुई है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि अगर ऐसा है, तो राज्य में मतदाताओं की संख्या 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच सिर्फ छह महीनों में 48 लाख कैसे बढ़ गयी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के अनुसार राज्य में मतदाताओं की संख्या 9.70 करोड़ है, लेकिन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से घोषित आंकड़ों में 18 वर्ष से अधिक आयु के वयस्क लोगों की संख्या 9.54 करोड़ है, जो 16 लाख कम है। इसके विपरीत पिछले वर्ष मात्र छह महीनों में मतदाताओं की संख्या में 48 लाख की वृद्धि हुई।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि इसके अलावा अन्य अनियमितताओं के मद्देनजर महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के सहयोगी कांग्रेस-शिवसेना (यूबीटी)-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के लगभग 100 हारे हुए उम्मीदवारों ने अदालत में चुनाव याचिका दायर की है। उन्होंने मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं का उल्लेख किया, जैसे कि लोनी गांव (शिरडी निर्वाचन क्षेत्र) में जहां एक ही पते पर 5,000 लोगों का पंजीकरण किया गया था और चुनाव आयोग से शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गयी।

उन्होंने कहा कि इसी तरह लोकसभा चुनावों के बाद 132 विधानसभा क्षेत्रों में करीब 20-26 हजार नये मतदाताओं को शामिल किया गया, जिससे भारतीय जनता पार्टी-शिवसेना-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के महायुति गठबंधन को काफी फायदा हुआ। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में महायुति इन 132 विधानसभा क्षेत्रों में से 62 पर आगे चल रही थी, लेकिन विधानसभा चुनावों में उन्होंने 112 सीटें जीतीं, जिससे मतदाता सूचियों में अचानक और बड़े पैमाने पर बढ़ोतरी के बारे में संदेह पैदा हुआ, तथा इसके कारण एमवीए की हार हुई।

# राज ठाकरे की पार्टी की धमकी के बाद 'हॉटस्टार' ने दिया लिखित आश्वासन

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**




मराठी भाषा के मुद्दे पर हमेशा आक्रामक रहने वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) ने ओटीटी ऐप 'हॉटस्टार' के कार्यालय पर धावा बोल दिया। क्रिकेट और अन्य खेलों की कमेंट्री विभिन्न भाषाओं में होती थी लेकिन मराठी भाषा में नहीं होती थी। जिस पर MNS की चित्रपट सेना के अध्यक्ष अमेय खोपकर ने हॉटस्टार के अधिकारियों से इस बारे में सवाल पूछा। खोपकर ने सीधे पूछा कि आपको जो भी मदद चाहिए, हम करने के लिए तैयार हैं, लेकिन यह बताओ कि मराठी में कमेंट्री कब शुरू होगी? जिसके बाद हॉटस्टार के मुख्यालय द्वारा लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद की कमेंट्री मराठी में भी होगी, खोपकर ने अपने विरोध प्रदर्शन वापस ले लिया। बता दें कि हॉटस्टार ओटीटी ऐप पर क्रिकेट, टेनिस, फुटबॉल, कबड्डी आदि खेलों की लाइव स्ट्रीमिंग की जाती है।

**सूचना**

**अब्दुल हमीद शाकूर शेख, उम्र: 64** का तारीख 13/11/2021 को 1:00 AM को **पता:-** रूम नंबर 612/6 माला न्यू नेहरूनगर बिल्डिंग हिंदुस्तान बँक के सामने 90/फिट रोड, धारावी, मुंबई 400017, उनके घर पर दु:खद निधन हो गया. उन्होने बीमारी से लंबी लड़ाई लड़ी और आखिरकार अपने परिवार के बीच अंतिम सांस लेली.

**पश्चिम रेलवे**

**एमसीबी डीबी पैनल का प्रावधान**

सीनियर डीईई/पी/मुंबई सेंट्रल, मुंबई ई-टेंडर नोटिस संख्या ईएल-81-890- डब्ल्यूए-65 दिनांक 23-01-2025 को आमंत्रित करते हैं। कार्य और स्थान: बांद्रा से गोरेगांव सेक्शन-एमसीबी डीबी पैनल के प्रावधान द्वारा सुरक्षा में सुधार। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹8,40,650/-. **बोली सुरक्षा ईएमडी की लागत:** 16,800/-. **जमा करने की तिथि और समय:** 25.02.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 25.02.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। 1007

लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**ई-निविदा सूचना**

जनरल/953/ए.ई.(एम.) 'सी' दिनांक - 27/01/2025

| बृहन्मुंबई महानगरपालिका | |
|---|---|
| विभाग | सहायक अभियंता (रखरखाव) "सी-वार्ड" |
| विषय | 'सी' वार्ड में मुंबादेवी चौकी पर सहायक अभियंता (रखरखाव) विभाग के उपयोग के लिए 1 यूटिलिटी वाहन (वार्ड एवं वॉच वाहन) की तैनाती। |
| बोली आरंभ तिथि एवं समय | 24/01/2025 प्रातः 11.00 बजे |
| बोली समाप्ति तिथि एवं समय | 30/01/2025 सायं 04.00 बजे |
| वेबसाइट | http://portal.mcgm.gov.in |
| संपर्क अधिकारी का नाम और नंबर | श्री संजय ढागे, उप अभियंता (आर.ई.) सी वार्ड मोबाइल नंबर 8108684381 |
| ईमेल | 3981911@mcgm.gov.in |

पीआरओ/ 2354/विज्ञा./2024-25

हस्ता./
सहायक आयुक्त
'सी' वार्ड

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

संपादकीय

# लाउडस्पीकर पर रोक

केगाहे-बगाहे कोर्ट की सख्ती के बावजूद विभिन्न धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकरों का इस्तेमाल बंद नहीं हुआ। दिनभर के थके-हरे लोग जब घर में आराम करते हैं तो लाउडस्पीकरों की तीव्र ध्वनि उनकी शांति में खलल डालती है। डॉक्टर भी कहते हैं कि नींद में किसी भी तरह का व्यवधान व्यक्ति के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है। फिर जो लोग पहले से बीमार होते हैं,उनके लिये तो तेज शोर असहनीय होता है। लेकिन वर्तमान ध्रुवीकृत समाज में लाउडस्पीकरों का बेलगाम शोर प्रतिष्ठा का मुद्दा बन जाता है। लोग परेशान होने पर भी शिकायत नहीं करते। उन्हें डर होता है कि धार्मिक समूह उन्हें निशाना बना सकते हैं। विडंबना यह है कि नियामक एजेंसियां भी स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई नहीं करती। इस बाबत दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार शोर-शराबे पर काबू करे। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि लाउडस्पीकरों का इस्तेमाल किसी भी धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। इसलिए ध्वनि प्रदूषण के नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाए। कोर्ट ने पुलिस से कहा कि धार्मिक स्थलों पर लगाए गए लाउडस्पीकरों के शोर को मापने के लिए ऐप का प्रयोग करे ताकि नियम का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा सके। उन पर जुर्माना लगे। फिर भी उल्लंघन होने पर प्रबंधकों व संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। यहां तक कि कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता की सुरक्षा के मद्देनजर उसकी पहचान गोपनीय रखी जाए। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों के भीतर ऐसा सिस्टम लगे, जो उसकी ध्वनि के स्तर को स्वतः नियंत्रित करे। न्यायाधीशों की दो सदस्यीय बेंच ने माना कि निर्धारित मानक से अधिक शोर सेहत पर प्रतिकूल असर डालता है। अतः कोई व्यक्ति इसके इस्तेमाल को अपना अधिकार नहीं बता सकता। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक स्थलों से होने वाले शोर पर नियंत्रण के लिये ठोस प्रयास करे। कोर्ट ने राज्य सरकार से यह भी कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों तथा जनसमूह को संबोधित करने वाले सिस्टम की शोर सीमा को नियंत्रित करे। नियामक एजेंसियां निगरानी व शोर नापने के लिये ऐप प्रयोग करे। नियमानुसार दिन में ध्वनि का स्तर 55 तथा रात में 45 डेसिबल से अधिक नहीं हो। दरअसल, मुंबई में कुर्ला क्षेत्र में एक धार्मिक स्थल से निर्धारित मानकों से अधिक स्तर का ध्वनि प्रदूषण रोकने में पुलिस की निष्क्रियता के खिलाफ यह याचिका दायर की गई थी। वास्तव में लोग तभी शिकायत करते हैं जब ध्वनि का स्तर सहने की सीमा पार कर जाता है। अदालत ने शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रख कर कार्रवाई करने को कहा ताकि उसे सांप्रदायिक आधार पर निशाना न बनाया जा सके। यदि जुर्माना लगाने के बावजूद स्थिति नहीं सुधरती तो पुलिस धार्मिक स्थल पर लगे लाउडस्पीकर को जब्त करे। फिर उसके लाइसेंस को रद्द करने की कार्रवाई करे। साथ ही ध्वनि प्रदूषण नियंत्रक नियमों तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत भी कार्रवाई हो। कोर्ट माना कि कठोर कानून के अभाव में लाउडस्पीकरों के उपयोगकर्ता नियम-कानून को नजरअंदाज करने लगते हैं। नियामक एजेंसियों की निष्क्रियता पर चिंता जताते हुए अदालत का कहना था कि लोग ध्वनि प्रदूषण को लेकर संविधान में वर्णित अभिव्यक्ति व धार्मिक आजादी का तर्क देते हैं, लेकिन इस पर रोक लगाना किसी भी स्थिति मे मौलिक अधिकारों का अतिक्रमण नहीं है। अतः ध्वनि की कर्कशता पर अंकुश लगाकर लोगों को राहत दी जानी चाहिए। दरअसल, पुलिस ऐसे मामलों में इसलिए भी उदासीन रहती है कि कहीं उन पर धार्मिक भावनाएं आहत होने का आक्षेप न लगा दिया जाए। कमोबेश यह स्थिति पूरे देश में और विगत में आए अदालत के फैसले की भी अनदेखी की जाती रही है। कई बार तो प्रशासन की अनुमति के बिना सार्वजनिक कार्यक्रमों का लाउडस्पीकरों से संबोधन बदस्तूर जारी रहता है। लोग इसलिये भी शिकायत नहीं करते हैं ताकि कोई टकराव न हो। धर्म विशेष के लोग उनके घरों के आसपास ही रहते हैं। ऐसे में उन्हें हिंसा की आशंका रहती है। निस्संदेह, नियंत्रण के लिए ढाई दशक पहले बनाये गए ध्वनि प्रदूषण विनियमन व नियंत्रण नियमों को बदलते वक्त के साथ प्रभावी बनाने की जरूरत है।

शख्सियत | पृथ्वीपाल सिंह

## 'रोल ऑफ ऑनर्स' से सम्मानित हॉकी खिलाड़ी



पृथ्वीपाल सिंह का जन्म 28 जनवरी 1932 को ब्रिटिश भारत के ननकाना साहिब शहर में हुआ था। उनके पिता सरदार वधावा सिंह चंडी एक स्कूल शिक्षक और कृषक थे। पृथ्वीपाल ने अपना बचपन ननकाना साहिब में बिताया और अपनी प्रारंभिक शिक्षा वहीं ली। भारत के विभाजन के बाद, परिवार पूर्वी पंजाब चला गया और पृथ्वीपाल ने 1956 में कृषि महाविद्यालय, लुधियाना से कृषि में मास्टर ऑफ साइंस की डिग्री प्राप्त की।

पृथ्वीपाल सिंह एक भारतीय फील्ड हॉकी खिलाड़ी थे जो हाफबैक के रूप में खेलते थे। वह भारत की राष्ट्रीय टीम के सदस्य थे, जिसने 1964 के टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक, 1960 के रोम ओलंपिक में क्रमशः रजत और कांस्य और 1968 के मैक्सिको ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। बाद में जब कॉलेज को नव निर्मित पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में मिला दिया गया तो उन्हें वहां पढ़ाना था। 1950 से 1956 तक, उन्होंने कृषि कॉलेज लुधियाना हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व किया और खेल और शिक्षा में उनकी सर्वांगीण उपलब्धियों के लिए उन्हें 'रोल ऑफ ऑनर्स' से सम्मानित किया गया। सिंह को हॉकी कमेंटेटरों द्वारा 'शॉर्ट कॉर्नर का राजा' उपनाम दिया गया था। वह तीव्र सजगता के लिए जाने जाते थे, उनकी लंबी और शक्तिशाली भुजाओं में जबरदस्त ताकत थी, जो दृढ़ और उभरे हुए शॉट पैदा करते थे, जो उन्हें हमेशा गोल और अक्सर विजेता दिलाते थे। इवनिंग पोस्ट (न्यूजीलैंड) ने 1961 में टिप्पणी की थी कि पृथ्वीपाल की मार के प्रकोप का सामना करना अपनी जान जोखिम में डालना है। एक अन्य लेखक ने टिप्पणी की कि यदि अर्जुन महाभारत युद्ध के महारथी (महान योद्धा) थे, तो पृथ्वीपाल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खेल के महारथी थे। किसी हॉकी खिलाड़ी को पहला अर्जुन पुरस्कार 1961 में प्रदान किया गया था, जिसके बाद 1967 में पद्मश्री पुरस्कार दिया गया। भारत सरकार ने हॉकी के क्षेत्र में उनकी प्रमुखता को स्वीकार किया और पहली बार हॉकी खिलाड़ी को अर्जुन पुरस्कार 1961 में भारत के राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद द्वारा प्रदान किया गया था। सिंह को 1965 में 'सर्वश्रेष्ठ रेलवे खिलाड़ी' होने के लिए रेल मंत्री पदक से सम्मानित किया गया था। विश्व हॉकी में उनके सराहनीय योगदान के लिए उन्हें 1967 में भारतीय राष्ट्रपति जाकिर हुसैन द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।

# रूस-चीन संबंधों की नई इबारत लिखते ट्रंप



जी. पार्थसारथी


इस वर्ष 2024 के अंत में अपनी सालाना पत्रकार वार्ता में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने घोषणा की : 'मैं कहूंगा कि स्थिति नाटकीय रूप से बदल रही है'। उन्होंने आगे कहा : 'हर दिन समूचे अग्रिम मोर्चे पर हलचल हो रही है'। पुतिन के बारे में माना जाता है कि वे अपने शब्दों का चयन बहुत सावधानी से करते हैं। अब यह स्पष्ट है कि यह केवल कुछ वक्त की बात है जब रूस यूक्रेन को शेष बचे रूसी क्षेत्र से खदेड़ कर, अपने इलाकाई उद्देश्यों की प्राप्ति कर लेगा, जिस पर जल्द से जल्द पुनः नियंत्रण बनाने को अब वह बेताब है। यह दक्षिण तटों सहित वह इलाका है जिस पर रूस का नियंत्रण ऐतिहासिक रूप से रहा था। अब ऐसा लग रहा है कि यूक्रेन को उस क्षेत्र से बेदखल होना पड़ेगा, जिस पर लड़ाई शुरू होने से पहले उसका नियंत्रण था। फिलहाल, रूस वह इलाका दुबारा पाने की कोशिश में लगा है, जो युद्ध शुरू होने के बाद हाथ से निकल गया था। साथ ही, इसमें कोई संदेह नहीं है कि यहां मामला युवा और अनुभवहीन यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की का भी है, जिन्हें बाइडेन प्रशासन और उसके नाटो सहयोगियों ने अपने दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र पर नियंत्रण बढ़ाने के लिए उकसाया था। अब यह स्पष्ट है कि बाइडेन प्रशासन के विपरीत, ट्रम्प की सरकार पुतिन के सैनिकों से निबटने के लिए यूक्रेन के सैन्य अभियानों में उनका साथ नहीं देने वाली। इस सारी प्रक्रिया में, ऐसा लगता है कि अमेरिका यह भूल गया कि रूसियों का एक मुख्य उद्देश्य ऐतिहासिक रूप से 'गर्म पानी' वाले तटों पर अपना नियंत्रण और निर्बाध पहुंच बनाए रखना है। साफ है जो बाइडेन ने इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि रूस के लिए वे अपने पूर्व में मौजूद इलाके कितने महत्वपूर्ण हैं, जिनपर कभी उसका नियंत्रण रहा था और जिससे होकर समुद्र तक उसकी पहुंच साल भर बनी रहती है, विशेषकर वर्तमान में यूक्रेन के तटों वाला। ट्रम्प के आगमन के साथ देखा जा रहा सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन यह होगा कि इन मुद्दों को हल करने के लिए एक गंभीर प्रयास चल निकलेगा, ताकि यह सुनिश्चित हो पाए कि समुद्र तक रूस की पहुंच पूर्णतः सुरक्षित रह सके। इसके अलावा, ऐसे संकेत हैं कि पूर्वी यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र में भी इलाका कब्जाने में रूसी सावधानीपूर्वक लगे हुए हैं। हालांकि, राष्ट्रपति ट्रम्प रूस के क्षेत्रीय दावों पर यूरोपीय मुल्कों की चिंताओं से जानबूझकर अनजान बने प्रतीत होते हैं। उन्होंने पुतिन के क्षेत्रीय दावों का जिक्र इस प्रकार किया है : 'क्या दिमाग है। पुतिन यूक्रेन के एक बड़े हिस्से को आजाद घोषित कर रहे हैं। यह अद्भुत है'! यह हैरानी जनक है क्योंकि कोई यह उम्मीद नहीं कर सकता था कि अमेरिका इस प्रकार से रूस के क्षेत्रीय दावों का समर्थन करेगा! राष्ट्रपति ट्रम्प के राज में अमेरिका-चीन संबंधों के बारे में, ऐसे वक्त पर जब भारत चीन के साथ अपनी सीमाओं पर तनाव को खत्म करने के प्रयास करने में लगा है, चीन के साथ ट्रम्प के संबंधों में कोई गंभीर सफलता मिलने की संभावना कम ही है। ट्रम्प ने चीन की नीतियों के साथ अपने मतभेद व्यक्त करने में कभी संकोच नहीं किया है। इसकी पुष्टि सीनेटर मार्को रुबियो को अपना विदेश मंत्री और सांसद माइक वाल्ट्ज को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त करने से होती है। रुबियो और वाल्ट्ज, दोनों को, वाशिंगटन में 'कट्टर चीन विरोधी' के रूप में जाना जाता है। चीन ने साल 2020 में रुबियो को अपने यहां प्रवेश देने से दो बार रोका था। किसी को हैरानी हो सकती है कि क्या यह प्रतिबंध आगे भी लागू रहेगा। ट्रम्प द्वारा इन दोनों की नियुक्ति का चीन जरा भी स्वागत नहीं करेगा। फिर भी, ट्रम्प के एक अन्य सहयोगी, अरबोंपति एलन मस्क के चीन में बड़े वाणिज्यिक हित हैं, जिनका मूल्य अरबों डॉलर में है। ट्रम्प स्पष्ट रूप से चीनियों को लेकर अपने इरादों के बारे में अनिश्चितता से भरे हुए हैं। ब्यानबाजी के बावजूद, यह भी साफ है कि ट्रंप चीन के साथ अपने विकल्प खुले रखेंगे। हाल-फिलहाल राष्ट्रपति ट्रंप को चीन को उसकी जगह पर रखने के लिए, भारत को संतुलन के तौर पर इस्तेमाल करना चाहेंगे। बदले में भारत को अभी भी अमेरिका की जरूरत है। उच्च तकनीक, रक्षा उत्पादन और अंतरिक्ष से लेकर सुरक्षा आदान-प्रदान और आर्थिक सहयोग के अन्य क्षेत्रों में सहयोग की। यह ऐसे वक्त में हो रहा है जब अमेरिका में बसे उच्च शिक्षित भारतीयों की आबादी बढ़ रही है, जोकि वर्तमान में लगभग 51 लाख है। हालांकि, अमेरिका-चीन संबंध कठिन दौर से गुजर रहे हैं, जो दोनों शक्तियों के नेताओं के बीच काफी आपसी अविश्वास और नापसंदगी से पैदा हुआ है। विश्वास और सहयोग की बहाली में समय लगेगा, खासकर जब ट्रम्प के ब्यानबाजी के लहजे ने 'मध्य साम्राज्य' (कभी चीनी खुद को धरती का धुरा मानते थे) के लोगों को चौंका दिया होगा। लेकिन, चीनियों के साथ मतभेदों को दूर करने के लिए ट्रंप के पास एलन मस्क के साथ उनके बढ़िया रिश्ते का उपयोग करने वाला पत्ता सदा हाथ में रहेगा,क्योंकि 'मध्य साम्राज्य' के साथ मस्क के संबंध काफी प्रगाढ़ और निहित स्वार्थ से जुड़े हैं। पहले से ही, ऐसी अटकलें हैं कि चीन अमेरिका में टिकटॉक के कारोबार का मस्क द्वारा अधिग्रहण किए जाने को मंजूरी देने की सोच रहा है। जो भारतीय मस्क के साथ सौदा करने का अवसर ढूंढ़ रहे हैं, उन्हें यह ध्यान में रखना चाहिए। एक और महत्वपूर्ण कारक जिसे किसी को नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए, वह यह है कि ट्रम्प के राष्ट्रपति पुतिन के साथ संबंध बहुत बढ़िया हैं और दुनिया भर के देश इसे स्पष्ट रूप से समझते हैं। इन घटनाक्रमों से सबसे ज़्यादा प्रभावित होने वाले व्यक्ति हैं, यूक्रेन के घिरे बैठे राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की। वे यह मानकर गंभीर रूप से गलत अनुमान लगा बैठे कि जो बाइडेन के नेतृत्व वाले अमेरिका का समर्थन पाकर वे पुतिन के रूस के साथ इलाकाई विवाद में भिड़ने के काबिल हो गए हैं। दुख की बात है कि बाइडेन के उत्तराधिकारी डोनाल्ड ट्रम्प ज़ेलेंस्की का साथ देने के मूड में नहीं हैं। ट्रम्प के हाथ में समझौता करवाने का जो औजार है, वह है अमेरिका के नेतृत्व में रूस पर लगाए गए दंडात्मक प्रतिबंधों की शृंखला। निवर्तमान बाइडेन प्रशासन के अंतिम कार्यों में से एक था रूस के ऊर्जा क्षेत्र को लक्षित करते हुए एक व्यापक प्रतिबंध निजाम लागू करना, जो 10 जनवरी, 2025 से प्रभावी हुआ है। ट्रम्प ने अक्सर प्रतिबंधों की बतौर औजार प्रभावशीलता के बारे में संदेह व्यक्त किया है और रूस को समझौते की मेज पर लाने को इन्हें घटाने अथवा हटाने को राज़ी होने का संकेत दिया है। इस दृष्टिकोण में, रूस द्वारा यूक्रेन को रियायत देने की एवज़ में प्रतिबंधों में राहत की पेशकश शामिल हो सकती है, मसलन, डोनबास जैसे विवादित 'स्वतंत्र' क्षेत्र में युद्धविराम या इलाका संबंधी समझौते पर सहमति बनना।

जीवन मंत्र

# धर्म की खोज में मनुष्य परलोक तक पंहुचा

इन सब बड़े-बड़े खोजने वालों से मेरा भी बहुत नजदीकी संबंध रहा है और वो लोग जितने मेरे अपने हैं शायद आप लोगों के नहीं हैं। जो लोग बड़े-बड़े झण्डे लगाते हैं कि हम मुसलमान हैं, हिन्दु हैं, ये हैं, वो है, वो सिर्फ एक वकीली लेकर के झूठमूठ से आए हैं।

पहले ही से नहीं नहीं करने वाले लोगों का यह स्थान नहीं है और न ही उनके लिये यहां पर कोई व्यवस्था की जा सकती है। ऐसे लोग जो कि आप हैं, चाहे वो कितने भी Condition में हों लेकिन जो सच्चाई चाहते हैं और जो चाहते हैं कि हमारे अन्दर परिवर्तन हो जाए, वो सिर आंखों पर हमारे और मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस जन्म में ही उनको मिलेगा चाहे उनकी कैसी भी Conditioning हो गई हो, चाहे उनकी कुण्डलिनी एक रही है उसका भी राजकरण बना लेते हैं, कैसे कार्य चलेगा? ये राजकरण नहीं है। ये तथ्य है, ये सत्य है। एक बहुत बड़ी खोज है। यहां पर जो लोग Realized लोग बैठे हैं वो समझ रहे हैं, मैं क्या कह रही हूं। धर्म की खोज में मनुष्य परलोक ही तक पहुंच पाया है, अभी तक परम तक नहीं पहुंच पाया। और जो परम तक पहुंच भी थे वो परम को नीचे नहीं ला सके और लोगों के लिए ये बात सत्य है। जैसे आपके अनेक जन्म हुए हैं मेरे भी अनेक जन्म हुए हैं। इन सब बड़े-बड़े खोजने वालों से मेरा भी बहुत नजदीकी संबंध रहा है और वो लोग जितने मेरे अपने हैं



शायद आप लोगों के नहीं हैं। जो लोग बड़े-बड़े झण्डे लगाते हैं कि हम मुसलमान हैं, हिन्दु हैं, ये हैं, वो है, वो सिर्फ एक वकीली लेकर के झूठमूठ से आए हैं। उनके पास कोई भी guarantee नहीं है कि पिछले जन्म में हो सकता है जो हिन्दू है वो मुसलमान रहा हो, जो मुसलमान है वो इसाई रहा हो। जब जन्म जन्मांतर की बात है, जब अनन्त की बात तो सोचना भी उसी Level पर, उसी स्तर पर होगा।

वो पर ऐसा है कि नही, जो कुछ परम तत्व कठिन है वो gross नहीं, जो कुछ परम है वो जड़ है वो जड़ नहीं। जो कुछ जो सूक्ष्म है वो जड़ नहीं। इस बात को आप ठीक से समझ लें। वो जड़ में प्रकाशित हो सकता है किन्तु परम जड़ में Interested नहीं है, उसमें कोई दिलचस्पी नहीं है। जैसे कि बहुत से लोग मुझे बताते हैं कि वे एक साधु संत थे वो परमात्मा से कुछ मांग रहे थे और इनको परमात्मा ने दे दिया। दिया होगा, लेकिन परमात्मा ने नहीं दिया, ये मैं बता सकती हूं। परमात्मा को इसमें कोई भी Interest नहीं है कि आपके इतने बच्चे पैदा हो जाएं या आपको ज़मीन मिल जाए, आपको घर मिल जाए, आपको दुनिया भर के ऐशो आराम के साथ कैसा भी खिलवाड़ हो गया हो। खिलवाड़ बहुत हो चुके हैं, पर मैं कहती हूं कि किसी की भी कुण्डलिनी में खराबी आ गई हो, उस पर लोग मुझे कहते हैं कि आप विरोध कर रहें हैं।

जीवन ऊर्जा

लाला लाजपत रायः जन्म- 28 जनवरी 1865

जन्म

# व्यक्ति को सत्य से कभी घबराना नहीं चाहिए


लाला लाजपत राय का जन्म पंजाब के मोगा जिले में 28 जनवरी 1865 को एक अग्रवाल परिवार में हुआ। लालाजी ने हिन्दी में शिवाजी, श्रीकृष्ण, मैजिनी, गैरिबॉल्डी एवं कई महापुरुषों की जीवनियां लिखीं। 30 अक्टूबर 1928 को इन्होंने लाहौर में साइमन कमीशन के विरुद्ध आयोजित एक विशाल प्रदर्शन में हिस्सा लिया, जिसके दौरान हुए लाठी-चार्ज में ये बुरी तरह से घायल हो गए। मेरे शरीर पर पड़ी एक-एक लाठी ब्रिटिश सरकार के ताबूत में एक-एक कील का काम करेगी और वही हुआ भी, लालाजी के बलिदान के 20 साल के भीतर ही ब्रिटिश साम्राज्य का सूर्य अस्त हो गया। 17 नवंबर 1928 को इन्हीं चोटों की वजह से इनका देहान्त हो गया।

दूसरों की बजाय खुद पर विश्वास रखो, फिर देखना आप अपने ही प्रयत्नों से कामयाब हो जाओगे। देशभक्ति का निर्माण न्याय और सत्य की दृढ़ चट्टान पर ही किया जा सकता है। कुशल नेता वही है, जो अपने अनुयायियों को सदैव आगे रखकर निर्भीक कदम उठाता हो। पराजय और असफलता कभी-कभी विजय के लिए आवश्यक भी होते हैं, जिससे घबराना नहीं चाहिए। व्यक्ति को सत्य से कभी घबराना नहीं चाहिए, उसे सांसारिक लाभ की चिंता छोड़कर साहसी और ईमानदार बनना चाहिए। लोग बड़ा निर्णय इसलिए नहीं ले



पाते, क्योंकि वह भीतर ही भीतर भयभीत स्थिति में होते हैं। यह स्थिति हमारे समाज की ही देन है। पराधीन रहते हुए सुखी, सुरक्षित, आरामदेह समझना एक भ्रम की स्थिति है। वह समाज कभी उन्नति के मार्ग पर नहीं जा सकता जो अपने ही लोगों को प्रगति का अवसर नहीं देता। अगर आपका स्वयं पर नियंत्रण नहीं है, आप अनुशासन का पालन नहीं करते तो आप जीवन के उन अधिकारों को खो बैठते हैं, जो आपका होना चाहिए था। उस अतीत को देखते रहना व्यर्थ है, जिससे निर्माण की विचारधारा ना जुड़ी हो। आपकी वास्तविक स्वतंत्रता तभी है, जब आप दासता, निर्धनता, दुख, बीमारी, अज्ञानता पर विजय प्राप्त करते हैं। जीवन में जोखिम रहित जैसा कुछ नहीं है। हमें अपने अधिकारों के लिए भी जोखिम उठाना पड़ेगा। हर चीज की एक निश्चित कीमत होती है, जिससे चुकाना ही पड़ता है। हमें अपनी आजादी के लिए वह कीमत चुकाना पड़ेगा। समय बड़ा मूल्यवान है इसके मूल्य को पहचानते हुए हमें तत्काल कुछ कड़े निर्णय लेने होंगे, जिससे हमारे आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित हो सकेगी। जब हमारे ईश्वर ने समृद्ध संसार का निर्माण हमारे लिए किया है तो हम स्वयं को सीमित रखते हुए ईश्वर के समृद्ध संसार का उपभोग क्यों करें? प्रेम और सम्मान धन से अधिक महत्वपूर्ण है इस पर हमें विचार करना होगा। आपस में सौहार्द को बनाए रखना होगा।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# अट्ठारह पुराणों का संक्षिप्त परिचय

महर्षि वेदव्यास जी ने अट्ठारह पुराणों का संस्कृत भाषा में संकलन किया है। पुराण शब्द का अर्थ है प्राचीन कथा। वेदों की भाषा-शैली कठिन है, पुराण उसी ज्ञान के सहज तथा रोचक संस्करण हैं। पुराणों में जटिल तथ्यों को कथाओं के माध्यम से समझाया गया है। पुराणों




का विषय इतिहास, नैतिकता, विचार, भूगोल, खगोल, राजनीति, संस्कृति, सामाजिक परम्पराएं, विज्ञान आदि हैं। अट्ठारह पुराणों के अतिरिक्त सोलह उप-पुराण भी हैं, किन्तु विषय को सीमित रखने के लिए केवल मुख्य पुराणों का संक्षिप्त परिचय ही दे रहा हूं :-

**ब्रह्मपुराणः** यह सब से प्राचीन पुराण है। इस पुराण में दो सौ छियालीस अध्याय तथा चौदह हजार श्लोक हैं, इस ग्रंथ में ब्रह्माजी की महानता के अतिरिक्त सृष्टि की उत्पत्ति, गंगा अवतरण तथा रामायण और कृष्णावतार की कथाएं भी संकलित हैं। इस ग्रंथ से सृष्टि की उत्पत्ति से लेकर सिन्धु घाटी सभ्यता तक की कुछ ना कुछ जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**पद्मपुराणः** इसमें हैं पचपन हजार श्लोक और यह ग्रन्थ पांच खण्डों में विभाजित किया गया है, जिनके नाम सृष्टिखण्ड, स्वर्गखण्ड, उत्तरखण्ड, भूमिखण्ड तथा पातालखण्ड हैं। इस ग्रंथ में पृथ्वी आकाश, तथा नक्षत्रों की उत्पति के बारे में विस्तार से उल्लेख किया गया है। इसकी चार प्रकार से जीवों की उत्पत्ति होती है, जिन्हें उदिभज, स्वेदज, अणडज तथा जरायुज की श्रेणी में रखा गया है, यह वर्गीकरण पूर्णतया वैज्ञानिक आधार पर है।

भारत के सभी पर्वतों तथा नदियों के बारे में भी विस्तार से वर्णन है। इस पुराण में शकुन्तला दुष्यन्त से ले कर भगवान राम तक के कई पूर्वजों का इतिहास है। शकुन्तला दुष्यन्त के पुत्र भरत के नाम से हमारे देश का नाम जम्बूदीप से भरतखण्ड और उस के बाद भारत पड़ा था।

**विष्णुपुराणः** इसमें छः अंश तथा तेइस हजार श्लोक हैं। इस ग्रंथ में भगवान श्री विष्णुजी, बालक ध्रुवजी, तथा कृष्णावतार की कथाएं संकलित हैं, इस के अतिरिक्त सम्राट पृथुजी की कथा भी शामिल है। इसके कारण हमारी धरती का नाम पृथ्वी पड़ा था, इस पुराण में सूर्यवंशियों तथा चन्द्रवंशियों राजाओं का सम्पूर्ण इतिहास है। उत्तरं यत्समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्।
वर्षं तद भारतं नाम भारती यत्र सन्ततिः।।
अर्थात वह भूगौलिक क्षेत्र जो उत्तर में हिमालय तथा दक्षिण में सागर से जो घिरा हुआ है, यही भारत देश है तथा उस में निवास करने वाले हम सभी जन भारत देश की ही संतान हैं, भारत देश और भारत वासियों की इस से स्पष्ट पहचान और क्या हो सकती है? विष्णु पुराण वास्तव में ऐक ऐतिहासिक ग्रंथ है।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

अपने विचार

बुलडोजर चले या नहीं चले, जब सरकार ही नहीं होगी तो बुलडोजर किसके पास होगा।



**अखिलेश यादव** ,सपा प्रमुख

सबसे ज्यादा खतरे में कांग्रेस पार्टी है। जब तक राहुल गांधी के हाथों में कांग्रेस है, तब तक कोई उसे बचा नहीं सकता और राहुल गांधी को कोई हटा नहीं सकता।



**आचार्य प्रमोद कृष्णम** ,कल्कि धाम पीठाधीश्वर

जब से एनडीए की सरकार आई है, तब से महंगाई काफी बढ़ गई है। पूरे बिहार में अपराध के अलावा भ्रष्टाचार का बोलबाला हो गया है।



**तेजस्वी यादव** ,नेता प्रतिपक्ष

ये जिम्मेदारी बीजेपी की थी, लेकिन उन्होंने नहीं किया., हमने सीसीटीवी लगवाई, जो करना था किया, लेकिन आज दिल्ली की कानून व्यवस्था खराब हो गई है



**अरविंद केजरीवाल,** नेता , आम आदमी पार्टी

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका (केडीएमसी) का कुष्ठ रोग उन्मूलन के लिए महत्वाकांक्षी अभियान

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**




कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका ने महाराष्ट्र शासन के द्वारा वर्ष 2027 तक कुष्ठ रोग का पूर्ण उन्मूलन करना है अभियान का स्वागत किया है । इस अभियान में विशेष ध्यान छोटे बच्चों में कुष्ठ रोगियों की संख्या को शून्य पर लाने और कुष्ठ रोगियों में विकृति के प्रतिशत को भी शून्य करने पर केंद्रित किया गया है। महाराष्ट्र के चयनित 20 जिलों में राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कुष्ठ रोगियों की खोज अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। ठाणे जिले के अंतर्गत आने वाले कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका के कार्यक्षेत्र में यह अभियान 31 जनवरी से 15 फरवरी 2025 के बीच संचालित होगा। इस अभियान में 247 स्वास्थ्य टीमों के माध्यम से आशा स्वयंसेविकाएं और पुरुष स्वयंसेवक घनी बस्ती, झोपड़पट्टी, और पुराने कुष्ठ रोगियों के स्थानों जैसे अत्यधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में 1,03,740 घरों का दौरा करेंगे, जिसमें लगभग 5,18,700 जनसंख्या शामिल होगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक अवस्था के नए कुष्ठ रोगियों की पहचान करना और उन्हें उचित उपचार के अंतर्गत लाना है, ताकि संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ा जा सके। इसके साथ ही, "स्पर्श जन जागरूकता अभियान" भी चलाया जाएगा। इस जागरूकता अभियान के अंतर्गत, 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि और अंतरराष्ट्रीय कुष्ठ रोग निवारण दिवस के अवसर पर विद्यालयी छात्रों की एक भव्य रैली का आयोजन किया जाएगा। छात्रों के लिए निबंध/प्रश्नमंजुषा प्रतियोगिता, महिला स्वास्थ्य समिति/स्वयंसेवी संस्थाओं की बैठक, त्वचा रोग शिविर, निजी चिकित्सा व्यवसायियों के लिए कुष्ठ रोग प्रशिक्षण, और कुष्ठ रोगियों के लिए विकृति रोकथाम शिविर जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से कुष्ठ रोग जन जागरूकता बढ़ाई जाएगी। कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका के चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी, मा. डॉ. दीप शुक्ल ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वास्थ्य टीमों द्वारा घर-घर जाकर की जाने वाली संपूर्ण शारीरिक जांच में सहयोग करें। इस अभियान की सफलता के लिए कुष्ठ रोग विभाग के कर्मचारी श्री. मंगेश खंदारे, श्री. महेंद्र पालवे, श्री. वसंत चव्हाण और श्रीमती जसमिता बेथारिया सहित अन्य सभी गैर-चिकित्सकीय सहायक भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह अभियान न केवल कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होगा, बल्कि समाज में इस बीमारी के प्रति फैली भ्रांतियों को भी दूर करेगा। केडीएमसी सभी नागरिकों से अनुरोध करता है कि वे इस अभियान में सहयोग करें और कुष्ठ रोग के उन्मूलन की दिशा में एक कदम और बढ़ाएं।

## बजाज समूह द्वारा गणतंत्र दिवस पर 'बजाज एलिवेट इंडिया-विकसित भारत ध्येय हमारा' अभियान का शुभारम्भ

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**




देश के प्रमुख औद्योगिक घरानों में से एक बजाज समूह द्वारा गणतंत्र दिवस के महत्वपूर्ण अवसर पर 26 जनवरी, 2025 को अपने विशेष अभियान 'बजाज एलिवेट इंडिया – विकसित भारत ध्येय हमारा' का शुभारम्भ किया गया। इस अभियान के विधिवत शुभारम्भ की घोषणा करते हुए बजाज फाउंडेशन के अध्यक्ष और बजाज समूह के संरक्षक शिशिर बजाज ने कहा कि यह अभियान देश के ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने के लिए बजाज समूह की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का उत्सव है। इस अभियान के तहत, बजाज समूह द्वारा 5 टीज़र वीडियो और 28 मिनट की एक CSR फिल्म रिलीज करने का निर्णय लिया गया है। यह विशेष फिल्म 26 जनवरी, 2025 को शाम 4 बजे DD किसान चैनल पर प्रसारित की गई, जिसे बजाज ग्रुप के यूट्यूब चैनल पर भी उपलब्ध कराया गया है। यह CSR फिल्म हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है। यह फिल्म बजाज फाउंडेशन के परिवर्तनकारी कार्यों पर प्रकाश डालती है, जो बजाज ग्रुप की CSR शाखा है। यह जमनालाल कनीराम बजाज ट्रस्ट (सीकर, राजस्थान) और कमलनयन जमनालाल बजाज फाउंडेशन (वर्धा, महाराष्ट्र और ललितपुर, उत्तर प्रदेश) के माध्यम से कार्यरत है। पिछले 15 वर्षों में, इन ट्रस्टों ने जल संसाधन प्रबंधन, किसान आत्महत्याओं और ग्रामीण गरीबी जैसी चुनौतियों का उल्लेखनीय समाधान करते हुए, 5 लाख से अधिक परिवारों और 22 लाख से अधिक व्यक्तियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। इनके प्रमुख प्रयासों में सतत कृषि, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, आजीविका के अवसर और युवाओं के लिए कौशल विकास शामिल हैं। इस विशेष अभियान पर टिप्पणी करते हुए बजाज फाउंडेशन के अध्यक्ष शिशिर बजाज ने कहा कि मेरे दादाजी जमनालाल बजाज, जो ग्रामीण सशक्तिकरण के अग्रणी थे, और मेरे पिताजी कमलनयन बजाज की विरासत को आगे बढ़ाते हुए मैं गर्व और सम्मान महसूस करता हूँ।

## मध्य रेल द्वारा 'धारातीर्थ गडकोट मोहिम 2025' के तहत विशेष ट्रेन सेवाएं

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



मध्य रेलवे ने "धारातीर्थ गडकोट मोहिम 2025" के अवसर पर न्यू अमरावती और वीर के बीच अनारक्षित विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। यह सेवा यात्रियों के लिए सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करेगी।

**विशेष ट्रेनें चलाने का विवरण:**

**01101 विशेष ट्रेन**

प्रस्थान: 6 फरवरी 2025 को 15:30 बजे, न्यू अमरावती से
आगमन: 7 फरवरी 2025 को 07:45 बजे, वीर
ठहराव: बडनेरा, मुर्तिजापुर, अकोला, शेगांव, नंदुरा, मलकापुर, भुसावल, जलगांव, चालीसगांव, मनमाड, नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण, पनवेल और रोहा
संरचना: 16 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सेकंड सीटिंग सह गार्ड ब्रेक वैन

**01102 विशेष ट्रेन**

प्रस्थान: 11 फरवरी 2025 को 22:00 बजे, वीर से
आगमन: 12 फरवरी 2025 को 12:30 बजे, न्यू अमरावती

मध्य रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे इन विशेष ट्रेन सेवाओं का लाभ उठाएं और यात्रा के लिए समय सारणी का पालन करें। अधिक जानकारी के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in या NTES ऐप डाउनलोड किया जा सकता है।

## महात्मा फुले शिक्षण संस्था द्वारा गणतंत्र दिवस का आयोजन


**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



महात्मा फुले शिक्षण संस्था धारावी में २६ जनवरी को समय प्रातः ८.३० बजे ७६ वॉ गणतंत्र दिवस बड़े ही धूम धाम से विद्यार्थियो व पालको की उपस्थिति में मनाया गया । उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता माध्यमिक विभाग की मुख्याध्यापिका श्रीमती वीणा दोनवलकर ने की ,देश भक्ति से ओत प्रोत गीत संगीत भाषण नाटिका व नृत्य नन्हे मुन्ने विद्यार्थिंयों द्वारा प्रस्तुत किए गए । देश भक्ति नशा मुक्ति कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समीर वानखेडे एडिशनल कमिश्नर डायरेक्टर जनरल आफ टैक्स पेयर ने झण्डा फहराया । विशेष अतिथि के रूप में संस्था के अध्यक्ष बाबूराव माने, सचिव दिलीप शिंदे वरिष्ठ पत्रकार नित्यानंद शर्मा थे । श्री वानखेड़े ने विद्यार्थियो से रुबरु होते हुए उनके आदर्श के बारें में जाना और विद्यार्थियों को नसीहत दी कि वे अपना रीयल हीरो भारतीय सेना , पुलिस, और अपने पैरेण्टस को माने । श्री वानखेडे ने बच्चों से कहा कि नशा से दूरी बनाकर रखें । यदि कोई नशा करते हुए दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दे । देश भक्ति के साथ साथ नशा मुक्ती का भी संदेश दिया गया । कार्यक्रम में अंग्रेजी माध्यम की मुख्याध्यापिका श्रीमती स्वाती होलमुखे , प्राथमिक विभाग की मुख्याध्यापिका श्रीमती श्रद्धा माने उपस्थित थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्याध्यापिका श्रीमती स्वाती होलमुखे प्राथमिक विभाग की मुख्याध्यापिका श्रीमती श्रद्धा माने सहित शिक्षकों व शिक्षकेतर कर्मचारियों ने सराहनीय योगदान दिया । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ संपन्न हुआ।

## शख्स के साथ हुआ 54 लाख का साइबर फ्रॉड

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**



ठाणे जिले के एक 33 साल के व्यक्ति को साइबर जालसाजों ने कथित तौर पर 54। 9 लाख रुपये का चूना लगाया। ठगों ने उसे ऑनलाइन जॉब ऑफर दिया था। शख्स इसके अलावा ऑनलाइन गेम खेलकर पैसे कमाने के जाल में भी फंस गया था। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के एक 33 साल के व्यक्ति को साइबर जालसाजों ने कथित तौर पर 54। 9 लाख रुपये का चूना लगाया। ठगों ने उसे ऑनलाइन जॉब ऑफर दिया था। एक अधिकारी ने बताया कि बदलापुर निवासी पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शनिवार को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। उन्होंने कहा कि युवक ने आरोप लगाया कि एक महिला ने खुद को एक कंपनी में 'टीम लीडर बताकर ऑनलाइन वर्क फ्रॉम होम का ऑफर देते हुए उन्हें कॉन्टैक्ट किया था। ये काफी ऑथेंटिक लग रहा था। अधिकारी ने कहा कि उस व्यक्ति को टेलीग्राम मैसेजिंग एप्लिकेशन के माध्यम से एक ऑनलाइन गेम भेजा गया था और गेम खेलने के लिए पर्याप्त प्राइज मनी के लिए भी एश्योर किया गया था, और उसे ऐप पर खेलने के लिए कुछ पैसे देने को कहा गया था।

## पुणे मंडल में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित

**डीबीडी संवाददाता | पुणे**



26 जनवरी 2025: पुणे मंडल, मध्य रेलवे ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मंडल खेल मैदान, ताड़ीवाला रोड, पुणे में धूमधाम से समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर राजेश कुमार वर्मा, मंडल रेल प्रबंधक, पुणे मंडल, मध्य रेल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। समारोह के दौरान रेलवे सुरक्षा बल, सेंट जॉन एम्बुलेंस, नागरिक सुरक्षा और स्काउट एवं गाइड की रंगारंग परेड का आयोजन हुआ। मंडल रेल प्रबंधक ने इस अवसर पर श्रोताओं को संबोधित किया और महाप्रबंधक मध्य रेल का संदेश पढ़ा। इसके बाद बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, साथ ही आरपीएफ शो और के 9 डॉग शो का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम के बाद, रेलवे अधिकारियों और WSSO के सदस्यों ने लिटिल एंजल स्कूल, बलवाड़ी ताड़ीवाला रोड में जाकर स्कूली बच्चों को उपहार वितरित किए। इसके अतिरिक्त, श्रीमती स्वाति वर्मा, अध्यक्ष महिला समाज सेवा संगठन (WSSO) और उनके साथियों ने मंडल रेलवे अस्पताल, पुणे में मरीजों को फल, बिस्कुट और उपहार प्रदान किए। गणतंत्र दिवस के इस आयोजन में पुणे मंडल के अन्य डिपो और स्टेशनों पर भी समरूप कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस दिन को रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारों ने मिलकर उल्लास के साथ मनाया।

## मुंबई: वानगांव और दहानू रोड के बीच ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेनें प्रभावित

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



मुंबई सेंट्रल मंडल द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, वानगांव और दहानू रोड स्टेशनों के बीच रोड ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु कंपोजिट गर्डर लॉन्च करने के लिए 28 जनवरी, 2025 को ब्लॉक लिया जाएगा। यह ब्लॉक अप और डाउन मेन लाइन पर सुबह 10:30 बजे से 11:45 बजे तक एक घंटा पंद्रह मिनट के लिए लिया जाएगा। इस दौरान पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा।

**28 जनवरी, 2025 को शॉर्ट टर्मिनेट / निरस्त होने वाली ट्रेनें:**

ट्रेन संख्या 93013 (विरार–दहानू रोड पैसेंजर) – वानगांव में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। इसके कारण ट्रेन संख्या 93013 और 93014 वानगांव और दहानू रोड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेंगी।

ट्रेन संख्या 93015 (चर्चगेट–दहानू रोड पैसेंजर) – बोईसर में शॉर्ट टर्मिनेट होगी। इसके कारण ट्रेन संख्या 93015 और 93016 बोईसर और दहानू रोड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेंगी।

**28 जनवरी, 2025 को रेगुलेट होने वाली ट्रेनें:**

ट्रेन संख्या 20483 (भगत की कोठी–दादर सुपरफास्ट एक्सप्रेस) – 45 मिनट की देरी से चलेगी।
ट्रेन संख्या 12980 (जयपुर–बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस) – 45 मिनट की देरी से चलेगी।
ट्रेन संख्या 12932 (अहमदाबाद–मुंबई सेंट्रल डबल डेकर एक्सप्रेस) – 30 मिनट की देरी से चलेगी।
ट्रेन संख्या 82902 (अहमदाबाद–मुंबई सेंट्रल तेजस एक्सप्रेस) – 30 मिनट की देरी से चलेगी।
ट्रेन संख्या 93018 (दहानू रोड–विरार पैसेंजर) – 25 मिनट की देरी से चलेगी।
यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपने यात्रा के समय और मार्ग की पुष्टि करने के लिए रेलवे द्वारा जारी अपडेट्स पर ध्यान दें।

## पश्चिम रेलवे ने माहिम और बांद्रा स्टेशनों के बीच पुल संख्या 20 के पुनर्निर्माण का पहला चरण पूरा किया

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



पश्चिम रेलवे ने माहिम और बांद्रा स्टेशनों के बीच स्थित पुल संख्या 20 के साउथ एबटमेंट के पुनर्निर्माण के पहले चरण को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह कार्य 24 और 25 जनवरी, 2025 की मध्यरात्रि को लिए गए मेजर ब्लॉकों के दौरान किया गया। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक के अनुसार, इस कार्य में लगातार दो रातों में 9 घंटे 30 मिनट के मेजर ब्लॉक लिए गए। ब्लॉक अवधि के दौरान, पुल के साउथ एबटमेंट का पुनर्निर्माण किया गया, जिसमें 20.4 मीटर लंबाई के 4 सेट आरएच गर्डरों को क्रेन की मदद से उतारा गया। इन गर्डरों का वजन 42 टन था। इस कार्य में लगभग 2.5 मीटर खुदाई की गई और इसे ट्रकों और अन्य मशीनों के माध्यम से किया गया, क्योंकि साइट पर सीधे पहुंच संभव नहीं थी। काम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए 700 टन क्षमता वाली क्रेन, एक्सकेवेटर, डम्पर ट्रक, हाइड्रा लिफ्ट और टैम्पिंग मशीन जैसी आधुनिक मशीनों का इस्तेमाल किया गया। इसके अतिरिक्त, दो लोकोमोटिव और लगभग 100 कर्मचारियों की टीम ने इस काम में दिन-रात मेहनत की। सीमित स्थान में इतने बड़े पैमाने पर कार्य करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन टीम की कार्यकुशलता और समर्पण ने इसे संभव बना दिया। यह कार्य यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे ढांचे की मजबूती को ध्यान में रखते हुए किया गया है। पुराने एबटमेंट के पुनर्निर्माण से यह पुल अब आधुनिक तकनीक और संरचनात्मक डिजाइन का इस्तेमाल करते हुए और मजबूत हो गया है, जिससे भविष्य में रेलवे की बढ़ती जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। इस कार्य का दूसरा चरण मई 2025 में पूरा होने की उम्मीद है, जिसमें अनुपयोगी एबटमेंट को हटाने और नए एबटमेंट पर पटरियों का निर्माण किया जाएगा। यह कदम रेलवे के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो यात्रियों के लिए सुरक्षित और बेहतर यात्रा सुनिश्चित करेगा।

## राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष** — दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। यात्रा मनोरंजक रहेगी। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। व्यापार ठीक चलेगा।

**वृष** — वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी व लापरवाही भारी पड़ सकती है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। हल्की हंसी-मजाक न करें। विवाद हो सकता है। किसी व्यक्ति की नाराजी से मन खराब होगा।

**कर्क** — बुद्धि का प्रयोग किसी भी समस्या का निवारण कर सकता है, यह याद रखें। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा।

**सिंह** — लेन-देन में जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। कोई आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। मित्रों के साथ समय मनोरंजक बीतेगा।

**कन्या** — स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। तनाव रहेगा। व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं।

**तुला** — बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** — पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। मनोरंजन का समय मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। कारोबारी वृद्धि की योजना बनेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**धनु** — थकान व कमजोरी रह सकती है। खान-पान पर ध्यान दें। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा।

**मकर** — विवाद को बढ़ावा न दें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बनेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। कोई बड़ा कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**कुंभ** — उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा।

**मीन** — वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

## भाग्योदय कब होगा ?

### जानें व्यापार बिजनेस कारोबार सरकारी नौकरी या मानसिक रोग या कर्ज से मुक्ति कब मिलेगी?




ज्योतिष के अनुसार, व्यक्ति को जीवन में सफलता मिलेगी या असफलता, धनवान, बनेंगे या निर्धन इसका पता जन्म के समय ही जन्म कुंडली देखकर लगाया जा सकता है। कुंडली में कुछ ऐसे शुभ योग बनते हैं, जिस कारण व्यक्ति को नौकरी में उन्नति, व्यापार में लाभ आदि होने लगते हैं। जानें आपकी जन्मकुंडली में क्या ये योग बन रहे हैं।

व्यापार में सफलता के योग ...

- यदि कुंडली में सप्तमेश सप्तम भाव में हो या सप्तम भाव पर सप्तमेश की दृष्टि हो तो बिजनेस में सफलता मिलती है।
- सप्तमेश स्व या उच्च राशि में होकर शुभ भाव (केंद्र-त्रिकोण आदि) में हो तो बिजनेस के अच्छे योग होते हैं।
- यदि लाभेश लाभ स्थान में ही स्थित हो तो व्यापार में अच्छी सफलता मिलती है।
- लाभेश की लाभ स्थान पर दृष्टि हो तो व्यापार में सफलता मिलती है
- यदि लाभेश दशम भाव में और दशमेश लाभ स्थान में हो तो अच्छा व्यापारिक योग होता है।
- दशमेश का भाग्येश के साथ राशि परिवर्तन भी व्यापार में सफलता देता है।
- यदि धनेश और लाभेश का योग शुभ स्थान पर हो या धनेश और लाभेश का राशि परिवर्तन हो रहा हो तो भी व्यापार में सफलता मिलती है।
- सप्तमेश यदि मित्र राशि में शुभ भावों में स्थित हो तो भी बिजनेस में जाने का योग होता है।
- आचार्य आनन्द जालान के अनुसार यदि सप्तमेश और दशमेश का राशि परिवर्तन हो अर्थात सप्तमेश दशम भाव में और दशमेश सप्तम भाव में हो तो भी बिजनेस में सफलता मिलती है।
- बुध स्व या उच्च राशि (मिथुन, कन्या) में होकर शुभ भावों में हो तो बिजनेस में जाने का अच्छा योग होता है।
- बुध यदि शुभ स्थान केंद्र-त्रिकोण में मित्र राशि में हो और सप्तम भाव, सप्तमेश अच्छी स्थिति में हो तो भी बिजनेस में सफलता मिल जाती है।
- यदि लाभेश (ग्यारहवे भाव का स्वामी) पाप भाव (6,8,12) में हो तो ऐसे में बिजनेस में संघर्ष की स्थिति रहती है।
- कुंडली के एकादश भाव में किसी पाप योग (ग्रहण योग, गुरुचांडाल योग आदि) का बनना भी बिजनेस में संघर्ष उत्पन्न करके सफलता को कम करता है।
- कुंडली में सप्मेश का पाप भाव या नीच राशि में होना भी बिजनेस के क्षेत्र में संघर्ष देता है।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### 12वीं के छात्र ने की आत्महत्या

**झांसी।** झांसी के बड़ागांव थाना क्षेत्र में सनसनीखेज मामला सामने आया है। गांव दुनारा स्थित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय इंटर कॉलेज के 12वीं के छात्र ने पढ़ाई को लेकर डिप्रेशन में हॉस्टल की चौथी मंजिल से कूदकर जान दे दी। सोमवार तड़के छत पर उसके जूते और करीब 40 फीट नीचे झाड़ियों में उसका शव मिलने से साथी दहल छात्र उठे। सिटी मजिस्ट्रेट ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं। कोतवाली गरौठा थाना क्षेत्र के गांव चतुरताई निवासी रोहन अहिरवार (18) बेटा स्व. बैजनाथ अहिरवार बड़ागांव स्थित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय दुनारा में कक्षा 12वीं का छात्र था। वह कॉलेज का टॉपर भी था और हॉस्टल में कमरा नंबर 31 में तीसरी मंजिल पर रहता था। इस बार 12वीं बोर्ड की परीक्षा थी। पढ़ाई को लेकर वह परेशान था। रविवार को साथियों ने समझाकर भोजन कराया। इसके सभी अपने कमरों में सोने चले गए। आधी रात के बाद वह हॉस्टल की चौथी मंजिल पर पहुंचा। वहां उसने जूते उतारे और नीचे छलांग लगा दी। सोमवार सुबह 5 बजे साथी उठे तो रोहन को कमरे में न देखकर दंग रह गया। उन्होंने उसकी तलाश की तो छत पर उसके जूते रखे थे। नीचे मोबाइल की टॉर्च के सहारे झांककर देखा तो लहुलूहान अवस्था में रोहन का शव पड़ा था। जिससे वह चीख पड़े। इसके बाद कॉलेज प्रबंधन, सिटी मजिस्ट्रेट प्रमोद झा, कॉलेज प्रधानाचार्य, शिक्षक, समाज कल्याण अधिकारी, बड़ागांव थाना प्रभारी प्रकाश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत छात्र को मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सिटी मजिस्ट्रेट प्रमोद झा ने बताया कि 12वीं के छात्र रोहन ने छत से कूदकर खुदकुशी की है। साथी छात्रों से बातचीत में सामने आया है कि रोहन पढ़ाई, परीक्षा के कारण तनाव में रहता था। इसी वजह से यह कदम उठाया है।

### महाकुंभ से लौट रहे परिवार के साथ आगरा में भीषण हादसा, चार की मौत

**आगरा।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सोमवार की भोर में एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें महाकुंभ से लौट रहे एक परिवार के चार सदस्य मारे गए। हादसा फतेहाबाद क्षेत्र के 31 किमी माइल स्टोन के पास हुआ, जब तेज रफ्तार में आ रही कार डिवाइडर को पार करते हुए सामने से आ रहे मिनी ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह से ट्रक के अंदर घुस गई और उसमें सवार चार लोग, जिनमें दो बच्चे भी थे, मारे गए। मृतकों में दिल्ली के उत्तमनगर निवासी ओमप्रकाश आर्या (41), उनकी पत्नी पूर्णिमा सिंह (34), पुत्री अहाना (12) और पुत्र विनायक (4) शामिल हैं। हादसा सुबह के समय हुआ और पुलिस को शवों को निकालने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। ओमप्रकाश आर्या मूल रूप से बिहार के मोतिहारी जिले के निवासी थे। घटना की जानकारी मिलने पर उनके परिवार में शोक का माहौल है। पिता वीर श्मसेर सिंह ने बताया कि ओमप्रकाश से रात 12 बजे तक बात हुई थी, और हादसे के बारे में पुलिस ने उन्हें ढाई बजे सूचित किया।

# संतकबीरनगर में धर्म परिवर्तन की कोशिश: गौ-रक्षा दल ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया

**धर्म परिवर्तन की कोशिश का मामला**

एजेंसी | संतकबीरनगर

संतकबीरनगर के धनघटा थाना क्षेत्र के खेवसिया में धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश करने वाले छह आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। गौ-रक्षा दल के ब्लॉक अध्यक्ष और उनके सहयोगियों ने आरोप लगाया कि कुछ लोग गरीब महिलाओं को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रलोभन दे रहे थे। गौ-रक्षा दल के ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ सिंह, धर्म विजय सिंह, चंद्रशेखर चौधरी और रामदास विश्वकर्मा ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि ये लोग अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग की महिलाओं को ईसाई धर्म अपनाने के लिए बहला रहे थे। उनके मुताबिक, आरोपियों ने महिलाओं को हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां फेंकने और बिछिया, पायल, लॉकेट उतारने के लिए कहा था।




**आरोपियों की गिरफ्तारी**

तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पिंटू, रामचंद्र, सुभाष चंद्र, हरिहर यादव और दो महिलाएं शामिल हैं। आरोपियों को सोमवार को न्यायालय में पेश करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

**पुलिस की प्रतिक्रिया**

धनघटा थाना के थानाध्यक्ष रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। यह घटना इलाके में धार्मिक संवेदनशीलता को बढ़ा सकती है, और पुलिस मामले की पूरी जांच कर रही है।

## मोकामा गोलीकांड पर ललन सिंह का विपक्ष पर हमला

एजेंसी | बिहार



बिहार के पटना जिले के मोकामा क्षेत्र में पूर्व विधायक अनंत सिंह के समर्थकों और सोनू-मोनू गैंग के बीच हुई गोलीबारी के बाद सियासी तापमान बढ़ गया है। केंद्रीय मंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के नेता ललन सिंह ने इस मामले पर विपक्षी दलों को घेरा। उन्होंने कहा कि मोकामा गोलीकांड पर प्रतिक्रिया देना विपक्ष का काम है, उनकी पार्टी का नहीं। ललन सिंह ने विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर भी निशाना साधा। तेजस्वी यादव द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर सवाल उठाए जाने पर ललन सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार 20 साल के शासन के बावजूद जिले-जिले का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने तेजस्वी को सलाह दी कि उन्हें सिर्फ बयानबाजी करने के बजाय असल में काम पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। मोकामा के नौरांग-जलालपुर गांव में बुधवार को अनंत सिंह के समर्थकों और सोनू-मोनू गैंग के बीच कई राउंड फायरिंग हुई, जिसमें अनंत सिंह के एक समर्थक के घायल होने की खबर आई। पुलिस ने इस मामले में कुल चार एफआईआर दर्ज की हैं और कुछ गिरफ्तारी भी हुई हैं, जिनमें सोनू सिंह और अनंत सिंह के एक समर्थक शामिल हैं। बाद में पूर्व विधायक अनंत सिंह ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया और उन्हें पटना के बेऊर जेल भेज दिया गया।

## खगड़िया स्कूल में ताबड़तोड़ फायरिंग से हड़कंप, शिक्षक ने भागकर बचाई जान

एजेंसी | खगड़िया

खगड़िया जिले के परबत्ता थाना क्षेत्र स्थित मध्य विद्यालय, बबराहा में ताबड़तोड़ फायरिंग से हड़कंप मच गया। 26 जनवरी को सुबह ध्वजारोहण के दौरान स्कूल में मौजूद शिक्षक और बच्चे घबराए हुए थे। फायरिंग के दौरान शिक्षक ने किसी तरह अपनी जान बचाई और बच्चे भी डर के मारे भाग गए।



**शिक्षक पर पारिवारिक विवाद का आरोप**

फायरिंग की घटना की वजह शिक्षक नवीन कुमार यादव और उनके रिश्तेदार सूरज कुमार के बीच का पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। नवीन कुमार यादव ने पुलिस को आवेदन देकर बताया कि वह रोज की तरह बाइक से अपने गांव खीराडीह से स्कूल जा रहे थे, तभी घात लगाए बैठे अपराधियों ने उन पर गोली चलानी शुरू कर दी।

**सूरज कुमार और शिक्षक के बीच विवाद की जड़**

सूरज कुमार, जो नवीन कुमार यादव का ममेरी बहन का पति है, और शिक्षक के बीच पिछले चार सालों से पारिवारिक विवाद चल रहा है। सूचना के मुताबिक, सूरज कुमार अपनी पत्नी के साथ अक्सर मारपीट करता था। 26 जनवरी को उसे यह सूचना मिली कि उसकी सास नवीन कुमार यादव के घर आई है। इसके बाद उसने गांव पहुंचकर गाली-गलौज की और फिर स्कूल पहुंचकर फायरिंग कर दी। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि इस घटना पर आवेदन दिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि घटना के दौरान स्कूल में मौजूद बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं। यह घटना इस बात का संकेत है कि पारिवारिक विवादों को सुलझाने के लिए समाज और प्रशासन को मिलकर कदम उठाने होंगे, ताकि इस तरह की हिंसा से बचा जा सके और लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा सके।

## गोरखपुर विकास प्राधिकरण के एई और जेई निलंबित, जांच शुरू

एजेंसी | गोरखपुर

निर्माणाधीन भवन को सील करना गोरखपुर विकास प्राधिकरण के दो अभियंताओं पर भारी पड़ गया है। हाईकोर्ट के निर्देश पर शासन ने प्राधिकरण के सहायक अभियंता विनोद कुमार और अवर अभियंता रमापति वर्मा को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा अधिशासी अभियंता और अवर अभियंता को भी कारण बताओं नोटिस जारी की जा रही है। शासन के निर्देश पर मामले की जांच मण्डलायुक्त प्राधिकरण उपाध्यक्ष अनिल ढींगरा को सौंपी गई है। इस कार्रवाई से प्राधिकरण में हड़कंप की स्थिति है। गोरखपुर विकास प्राधिकरण की टीम ने पिछले साल 6 नवंबर को शाहपुर के जंगल




सालिकराम में राजेश पर्वतगिरी के निर्माणाधीन मकान को सील कर दिया था। सील किए गए भवन के आदेश पर सहायक अभियंता विनोद कुमार और अवर अभियंता रमापति वर्मा के हस्ताक्षर किए गए थे। भवन मालिक राजेश पर्वतगिरी ने इस मामले में हाईकोर्ट में वाद दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव को जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। राजेश पर्वतगिरी ने बताया कि जंगल सालिकराम में मानचित्र स्वीकृत कराने के उपरांत भवन निर्माण शुरू किया। लेकिन किसी की शिकायत के बाद प्राधिकरण ने निर्माण कार्य रोकवा दिया। भूतल पर निर्माण किया जा चुका था, प्रथम तल पर निर्माण किया जाना था लेकिन जमीन का विवाद बता कर काम करने की अनुमति नहीं दी। असल में राजेश पर्वतगिरी जिस जमीन पर निर्माण कर रहे थे। एक अन्य व्यक्ति ने प्राधिकरण में शिकायत देकर दावा किया कि उन्होंने कई वर्ष पहले रजिस्ट्री कराई थी जिसके संबंध में अदालत में वाद विचाराधीन है। उस व्यक्ति के प्राथर्न पत्र पर प्राधिकरण ने राजेश पर्वतगिरी के भवन निर्माण का काम रोक दिया।

## वकील के साथ बेरहमी की हद, बहनोई ने साजिशन कराई हत्या; शरीर पर चोट के 23 निशान

एजेंसी | बस्ती

यूपी के बस्ती में शनिवार की रात अपहरण कर अधिवक्ता की हत्या मामले में रविवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बेरहमी से पिटाई की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट में मृतक के शरीर पर 23 जगह चोट के निशान मिले हैं। उनके बाएं हाथ की हड्डी टूटी थी। हमले में लोहे की राड से हमले की बात भी सामने आई है। प्रकरण में मृतक की पत्नी उमा देवी की तहरीर पर बहनोई समेत तीन नामजद और अन्य के खिलाफ हर्रैया थाने में केस दर्ज किया गया है। मुख्यारोपी रणजीत यादव के बाद पुलिस ने आरोपी विनय उर्फ सोहित को दबोच लिया गया है। दूसरी तरफ रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया



गया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में मूडघाट पर संस्कार रविवार की देर शाम हुआ। बता दें शनिवार की रात परिजनों ने जिला अस्पताल में पुलिस को शव देने से मना कर दिया था। आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद ही पोस्टमार्टम कराये जाने की मांग पर डटे थे। शनिवार की रात कचहरी से बोलेरो से घर लौट रहे वकील को स्कार्पियो सवार लोगों ने नरायनपुर तिवारी भुडकुलगंज मार्ग पर रोक लिया। पिटाई कर वकील को स्कार्पियो में बैठा लिया और भाग निकले थे। एडवोकेट की बोलेरो में एक युवक बजरंगी यादव भी सवार था। उसने शोर मचाया तो लोग मौके पर जुटे और सूचना डायल 112 पर दी गई। पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। इधर स्कार्पियो सवार बदमाश पुलिस की नाकाबंदी बढ़ती देख वाल्टरगंज थाने के गनेशपुर में सड़क किनारे वकील को मरणासन्न हालत में बाहर फेंक बदमाश भाग निकले। सूचना पर एसपी अभिनंदन भी गनेशपुर पहुंच गए थे। पुलिस ने अधिवक्ता को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पहुंचते ही चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया था। बस्ती के कप्तानगंज थानाक्षेत्र के बैदोलिया अजायब गांव निवासी चंद्रशेखर यादव बस्ती में वकालत करते थे। शनिवार की रात करीब साढ़े सात बजे वह बोलेरो से घर लौट रहे थे।




# शेयर बाजार में भारी गिरावट, सेंसेक्स 824 अंक लुढ़का

**बजट से पहले निवेशकों में हड़कंप**

एजेंसी | नई दिल्ली

आज भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 1.08% या 824.29 अंक की गिरावट के साथ 75,366.17 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 1.14% या 263.05 अंक गिरकर 22,829.15 अंक पर आ गया। इस गिरावट का मुख्य कारण आईटी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली था।



**ग्लोबल संकेतों का असर**

ग्लोबल बाजारों के संकेतों ने भी भारतीय शेयर बाजार को प्रभावित किया। अमेरिकी शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। वहीं एशियाई बाजारों में भी मिलेजुले रुझान देखने को मिले, जिससे भारतीय बाजार में गिरावट का दबाव बढ़ा।

**बजट, तिमाही परिणामों और आर्थिक आंकड़ों पर नजर**

इस सप्ताह निवेशकों की नजर केंद्रीय बजट 2025, तिमाही परिणामों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर के फैसले और अन्य आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी। इन घटनाक्रमों के आधार पर भारतीय शेयर बाजार में आगे का रुख तय होगा। गिफ्ट निफ्टी 22,970 के स्तर के आसपास कारोबार कर रहा था, जो भारतीय बाजार के लिए गैप-डाउन शुरुआत का संकेत है। वहीं अमेरिकी बाजारों में भी गिरावट रही, जिसमें डॉऊ जोन्स और नैस्डैक कंपोजिट दोनों ही लाल निशान में बंद हुए। इन परिस्थितियों में निवेशकों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है, क्योंकि वैश्विक और घरेलू आर्थिक घटनाक्रमों का असर आगे भी जारी रह सकता है।

**आईटी कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट**

आज सेंसेक्स के प्रमुख शेयरों में एचसीएल टेक, जोमैटो और टेक महिंद्रा के शेयरों में 4% से अधिक की गिरावट देखी गई। टाटा मोटर्स, टाटा स्टील के शेयर भी 2% से अधिक लुढ़के। इस गिरावट ने निवेशकों के बीच घबराहट पैदा कर दी है।

# डीएएम कैपिटल के शेयरों में तूफानी तेजी, मुनाफा हुआ 144% बढ़ा

**कमजोर बाजार में भी उड़ी कंपनी के शेयरों की कीमत**

एजेंसी | नई दिल्ली

डीएएम कैपिटल एडवायजर्स के शेयर सोमवार को 12% से ज्यादा बढ़कर 314.75 रुपये पर पहुंच गए। यह उछाल कंपनी के शानदार तिमाही नतीजों के बाद आया है, जिसने निवेशकों को चौकाया।



**तिमाही नतीजों में दिखी जोरदार वृद्धि**

डीएएम कैपिटल के टैक्स भुगतान से पहले का मुनाफा 69.30 करोड़ रुपये तक पहुंचा, जो पिछले साल की समान तिमाही से 146% ज्यादा था। एक साल पहले इस अवधि में टैक्स भुगतान से पहले मुनाफा 28.17 करोड़ रुपये था।

**कंपनी का शेयर प्रदर्शन**

डीएएम कैपिटल के शेयरों का 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 456.90 रुपये है, जबकि न्यूनतम स्तर 276.30 रुपये रहा है। इन आंकड़ों से पता चलता है कि कंपनी का प्रदर्शन पिछले कुछ समय में मजबूत हुआ है।

**144% बढ़ा कंपनी का तिमाही मुनाफा**

चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में डीएएम कैपिटल का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट 144.47% बढ़कर 51.51 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। कंपनी की कुल आय में भी 131.44% का इज़ाफा हुआ है, जो 104.01 करोड़ रुपये रही।

**निवेशकों के लिए सकारात्मक संकेत**

कंपनी के बेहतर वित्तीय प्रदर्शन ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया है, और यह शेयर की कीमतों में मजबूती का कारण बना है। हालांकि, बाजार की मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह देखना होगा कि यह तेजी आगे कितने समय तक बरकरार रहती है।

## शादियों के सीजन में सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट

**सोने की कीमत में 300 रुपये की गिरावट**

एजेंसी | नई दिल्ली

शादियों के सीजन के बीच सोने की कीमतों में राहत आई है। आज दोपहर 12 बजे जारी इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के रेट्स के मुताबिक, 24 कैरेट सोना 300 रुपये सस्ता होकर 80,048 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला है।

**चांदी की कीमत में 1255 रुपये की गिरावट**



चांदी के रेट में भी गिरावट देखी गई है। आज चांदी 1255 रुपये सस्ती होकर 89,856 रुपये प्रति किलो पर खुली। यह रेट्स जीएसटी के बिना हैं और यह कीमतें आपके शहर में 1000-2000 रुपये तक भिन्न हो सकती हैं।

**इन शहरों में सोने और चांदी के भाव**

**दिल्ली** – सोने का भाव 82,583 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 1,00,500 रुपये प्रति किलो है।

**जयपुर** – सोने का भाव 82,576 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 1,00,900 रुपये प्रति किलो है।

**लखनऊ** – सोने का भाव 82,599 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 1,01,400 रुपये प्रति किलो है।

**चंडीगढ़** – सोने का भाव 82,592 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 99,900 रुपये प्रति किलो है।

**अमृतसर** – सोने का भाव 82,610 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

## अडानी टोटल गैस के मुनाफे में 20% की गिरावट, शेयरों में बिकवाली का दबाव

एजेंसी | नई दिल्ली

अडानी टोटल गैस ने दिसंबर तिमाही के परिणाम जारी किए हैं, जिसमें कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 20% घटकर 142 करोड़ रुपये रह गया। हालांकि, कंपनी के परिचालन से रेवेन्यू में 13% की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जो 1,401 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। तीसरी तिमाही में कंपनी का परिचालन EBITDA सालाना आधार पर 9% घटकर 277 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 300 करोड़ रुपये था। कंपनी का परिचालन खर्च सालाना




आधार पर 21% बढ़कर 994 करोड़ रुपये हो गया, जो एक चिंता का विषय है। सीएनजी और पीएनजी वॉल्यूम में बढ़ोतरी के बावजूद, एपीएम गैस के कम आवंटन और सर्दियों में आर-एलएनजी की ऊंची कीमतों के कारण प्राकृतिक गैस की लागत में 20% की वृद्धि हुई है।

## एसीसी ने दिसंबर तिमाही में 1,091.8 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया

एजेंसी | नई दिल्ली

27 जनवरी (भाषा) सीमेंट बनाने वाली कंपनी एसीसी लिमिटेड ने दिसंबर, 2024 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 1,091.8 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। एसीसी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। कंपनी ने एक साल पहले अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 537.67 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। एसीसी अब अदाणी सीमेंट का हिस्सा है। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन आय 5,207.3 करोड़ रुपये रही। एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 4,855.22 करोड़ रुपये था। गौरतलब है कि एसीसी के नतीजों की पिछले परिणामों से तुलना नहीं की जा सकती है, क्योंकि कंपनी ने इस दौरान एशियन कंक्रीट्स एंड सीमेंट्स (एसीसीपीएल) की बाकी 55 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ ही अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एशियन फाइन सीमेंट्स का अधिग्रहण किया। एसीसी ने कहा, ''यह प्रदर्शन बिक्री वृद्धि, लागत अनुकूलन और बेहतर दक्षता मापदंडों के दम पर आया है।''नतीजों पर टिप्पणी करते हुए कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय कपूर ने कहा कि तीसरी तिमाही के नतीजे उच्च बिक्री, लागत अनुकूलन और बढ़ी हुई दक्षता के जरिये वृद्धि पर रणनीतिक जोर को दर्शाते हैं।

# जसप्रीत बुमराह ने रचा इतिहास बने टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर

**एजेंसी । नई दिल्ली**

टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर इतिहास रच दिया है। बुमराह को आईसीसी द्वारा साल 2025 का 'टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड दिया गया है। वह यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं। बुमराह भारत के छठे खिलाड़ी हैं जिन्हें यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड मिला है। इससे पहले इस लिस्ट में विराट कोहली और आर. अश्विन जैसे दिग्गज खिलाड़ियों का नाम शामिल है।



### भारतीय क्रिकेट के लिए गौरव का पल

बुमराह की यह उपलब्धि भारतीय क्रिकेट के लिए एक बड़ा गौरव है। उनकी इस सफलता ने एक बार फिर से साबित कर दिया कि भारतीय तेज गेंदबाज भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों की सूची में अपनी जगह बनाने में सक्षम हैं।

### चोट के बाद किया दमदार कमबैक

जसप्रीत बुमराह ने पीठ की चोट से उबरने के बाद शानदार वापसी की। साल 2024 में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेकर खुद को साबित किया। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उनके बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर उन्होंने साल का अंत 71 विकेट के आंकड़े के साथ किया। इंग्लैंड के गस एटकिंसन, जो 11 टेस्ट में 52 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर रहे, को पीछे छोड़ते हुए बुमराह ने यह खिताब अपने नाम किया।

# हरियाणा के खिलाफ मैच के लिए राहुल कर्नाटक की टीम में

**रणजी ट्रॉफी**

**एजेंसी । बेंगलुरु**

अनुभवी भारतीय बल्लेबाज लोकेश राहुल को सोमवार को कर्नाटक की टीम में शामिल कर लिया गया। टीम 30 जनवरी से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी इलीट ग्रुप सी के अपने अंतिम लीग मैच में तालिका में शीर्ष पर काबिज हरियाणा का सामना करेगी।




### खेलने की मंजूरी

राहुल को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने खेलने के लिए हरी झंडी दे दी है। यह विकेटकीपर बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद कोहनी की चोट से उबर रहा था। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वह सभी पांच टेस्ट खेले थे। राहुल रणजी ट्रॉफी में इससे पहले 2020 में कोलकाता में बंगाल के खिलाफ खेले थे। उसके बाद से यह उनका पहला रणजी मैच होगा।

**टीम** मयंक अग्रवाल (कप्तान), लोकेश राहुल, श्रेयस गोपाल , देवदत्त पडिक्कल, केवी अनीश, आर स्मरण, केएल श्रीजीत, अभिनव मनोहर, हार्दिक राज, प्रसिद्ध कृष्णा, विद्वथ कावेरप्पा, वासुकी कौशिक, अभिलाष शेट्टी, यशोवर्धन परंतप, निकिन जोस, सुजय सटेरी और मोहसिन खान।

## न्यूज ब्रीफ

### आप खिलाड़ियों अनादर नहीं कर सकते : शान मसूद




**मुल्तान।** पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान शान मसूद से वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट ने हार का सामना करने के बाद सोमवार को यहां अपने देश की मीडिया से खिलाड़ियों का अपमान नहीं करने का आग्रह किया। संवाददाता सम्मेलन में मसूद ने तब आपा खो दिया जब पूछा गया कि क्या वह खुद टीम की कप्तानी छोड़ेंगे या पीसीबी को उन्हें हटाना पड़ेगा। उन्होंने सवाल नजरअंदाज करते हुए अगला सवाल पूछने को कहा लेकिन उस पत्रकार ने पहले इसका जवाब देने को कहा। इस पर मसूद ने कहा, आपकी अपनी सोच हो सकती है और मैं उसका सम्मान करता हूं लेकिन आपके प्रश्न में बहुत अनादर का भाव है। आपको खिलाड़ियों, मेरा और अन्य किसी का अनादर नहीं करना चाहिए। हम सभी पाकिस्तान के लिए खेलते हैं और नतीजे हासिल करते हैं लेकिन कोई भी इस तरह का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा। आपको यह समझना होगा। मसूद ने कहा, इससे मुझे कोई शिकायत नहीं है कि आप किसी को नीचा दिखाना चाहते हैं लेकिन हम सभी पाकिस्तान के खिलाड़ी हैं। फैसला करने का अधिकार पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पास है और बोर्ड ने जो भी फैसले लिए हैं उन्हें खिलाड़ियों ने हमेशा स्वीकार किया है।

### अहलावत डीपी वर्ल्ड टूर के टूर्नामेंट में 27वें स्थान पर

रास (यूएई)। भारतीय गोल्फर वीर अहलावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आखिरी छह होल में तीन बर्डी लगाई जिससे वह अंतिम दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर के साथ रास अल खैमा चैंपियनशिप में संयुक्त 27वें स्थान पर रहे। 28 वर्षीय खिलाड़ी का चार दौर का स्कोर 70-69-73-69 रहा तथा उन्होंने सात अंडर के कुल स्कोर के साथ अभियान खत्म किया। वह एक सप्ताह पहले दुबई में कट से चूक गए थे। अहलावत ने पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष स्थान हासिल करके डीपी वर्ल्ड टूर में जगह बनाई थी। इस बीच एलेजांद्रो डेल रे ने चार स्ट्रोक की बढ़त के साथ अपना पहला डीपी वर्ल्ड टूर खिताब जीता।

### ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन कीज फिर शीर्ष 10 में



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियन ओपन महिला एकल चैंपियन मैडिसन कीज सोमवार को जारी डब्ल्यूटीए विश्व रैंकिंग में अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करते हुए फिर शीर्ष 10 में पहुंच गईं जबकि पुरुष वर्ग के चैंपियन यानिक सिनर ने एटीपी सूची में बढ़त बनाए रखी। कीज ने शनिवार को शीर्ष खिलाड़ी आर्यना सबालेंका पर जीत के साथ पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। इससे वह सात स्थान की छलांग लगाकर सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं। वह महिला वर्ग में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाली अमेरिका की चौथी खिलाड़ी है। उनके अलावा कोको गफ (नंबर तीन), जेसिका पेगुला (नंबर छह) और एम्मा नवारो (नंबर नौ) भी शीर्ष 10 में हैं। हालांकि ऑस्ट्रेलियन ओपन में खिताबी हैट्रिक से चूकीं आर्यना सबालेंका नंबर एक पर कायम हैं। सेमीफाइनल में कीज से हारीं इगा स्वियातेक दूसरे स्थान पर हैं।

महिला विश्व कप

# न्यूजीलैंड को हरा इंग्लैंड सेमीफाइनल में

**एजेंसी । कुचिंग (मलेशिया)**

इंग्लैंड ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर सोमवार को यहां न्यूजीलैंड पर छह विकेट से जीत के साथ अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम है। गत चैंपियन भारत ने भी रविवार को अंतिम चार में अपनी जगह सुरक्षित की थी।

### कोलमैन का 'चौका



टिली कॉर्टीन-कोलमैन ने आठ रन देकर चार विकेट और प्रिशा थानावाला ने 19 रन देकर तीन विकेट लिए। दोनों की शानदार गेंदबाजी से इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 89 रन पर आउट कर दिया। इंग्लैंड ने 90 रन का लक्ष्य 11.4 ओवर में चार विकेट खोकर हासिल कर दिया। इंग्लैंड की तरफ से सलामी बल्लेबाज जेमिमा स्पेंस ने 29 और डेविना पेरिन ने 21 रन बनाकर अपनी टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। न्यूजीलैंड का स्कोर एक समय बिना किसी नुकसान के 49 रन था लेकिन इसके बाद उसने 40 रन के अंदर अपने सभी विकेट गंवा दिए। उसकी तरफ से केट इरविन ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। इस जीत से यह सुनिश्चित हो गया कि इंग्लैंड सुपर सिक्स के ग्रुप दो में पहले दो स्थान पर रहेगा।

# प्रज्ञाननंदा ने गुकेश से ड्रॉ खेला, दोनों को संयुक्त बढ़त

**एजेंसी । विज्क आन ज़ी (नीदरलैंड्स)**

भारतीय ग्रैंड मास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में विश्व चैंपियन डी गुकेश के साथ बाजी ड्रॉ खेली। प्रज्ञाननंदा एक समय अच्छी स्थिति में दिख रहे थे लेकिन गुकेश सतर्क होकर खेलते रहे। जब बाजी में कोई स्पष्ट परिणाम नजर नहीं आ रहा था तो दोनों खिलाड़ी 33 चाल के बाद ड्रॉ पर सहमत हो गए।



### तीन को संयुक्त बढ़त

इस ड्रॉ के बाद प्रज्ञाननंदा और गुकेश दोनों उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के साथ 5.5 अंक लेकर बढ़त बनाए हुए हैं। उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी ने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव के साथ अंक बांटे। प्रतियोगिता में भाग ले रहे अन्य भारतीय खिलाड़ियों में ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा ने नीदरलैंड्स के अनीश गिरी के साथ ड्रॉ खेला। हरिकृष्णा के संभावित आठ में से चार अंक हो गए हैं। अर्जुन एरिगैसी ने सर्बिया के एलेक्सी सराना के साथ जबकि लियोन ल्यूक मेंडोंका ने नीदरलैंड्स के जॉर्डन वान फॉरेस्ट के साथ अपनी अपनी बाजी ड्रॉ खेली। एरीगैसी दो अंकों के साथ मेंडोंका से आधा अंक पीछे है। चैलेंजर्स वर्ग में चेक गणराज्य के गुयेन थाई वान डैम ने चीन की 14 वर्षीय खिलाड़ी मियाओई लू को हराकर छह अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल की।

# जोमेल की फिरकी से विंडीज ने पाक में 34 साल के बाद टेस्ट में जीत दर्ज की

**एजेंसी । मुल्तान**

बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन के फिरकी के जादू से वेस्टइंडीज ने दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के तीसरे ही दिन सोमवार को पाकिस्तान को 120 रन से शिकस्त दे दी। इसके साथ ही मेहमान टीम ने दो टेस्ट की सीरीज 1-1 से बराबर खत्म करने में सफलता हासिल की। वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान में 34 से भी अधिक साल बाद पहली टेस्ट जीत दर्ज की। इससे पहले डेसमंड हेंस की विंडीज टीम ने 1990 में फैसलाबाद में इमरान खान की टीम को सात विकेट से हराया था। हालांकि उसके बाद से टीम ने पाक में दो टेस्ट ही खेले, 1997 और 2006 में लेकिन दोनों सीरीज पाक ने जीती थी और विंडीज टीम कोई मैच नहीं जीत सकी थी।



- **दूसरे टेस्ट में मेजबान टीम को 120 रन से हराकर दो मैच की सीरीज 1-1 से बराबर की**
- **जोमेल वारिकन 19 विकेट के साथ प्लेयर ऑफ द सीरीज बने**
- **19 विकेट दो टेस्ट में झटके विंडीज के स्पिनर वारिकन ने**
- **06 आखिरी विकेट पाकिस्तान ने 62 रन जोड़कर गंवाए**

### नहीं चल सके बल्लेबाज

पाकिस्तान की टीम सोमवार को दूसरी पारी में चार विकेट पर 76 रन से आगे खेलने उतरी। जीत के लिए उसे 178 रन की और दरकार थी। लेकिन मेजबान टीम ने वारिकन (27 रन, पांच विकेट) की फिरकी के सामने 57 रन जोड़कर बाकी बचे छह विकेट भी गंवा दिए। ऑफ स्पिनर केविन सिंक्लेयर (61 रन, तीन विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर गुडाकेश मोती (35 रन, दो विकेट) ने भी वारिकन का अच्छा साथ निभाया। वारिकन 19 विकेट के साथ सीरीज के सबसे सफल गेंदबाज रहे।

### पाक डब्ल्यूटीसी तालिका में अंतिम स्थान पर


इस हार से पाकिस्तान विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में अंतिम स्थान पर खिसक गया। दोनों टीमों ने डब्ल्यूटीसी के मौजूदा सत्र में अपना अभियान पूरा कर लिया है। वेस्टइंडीज डब्ल्यूटीसी तालिका में आठवें जबकि पाकिस्तान नौवें स्थान पर रहा। विंडीज ने सत्र में 13 में से तीन टेस्ट जीते, आठ हारे और दो ड्रॉ रहे जबकि पाक ने 14 में पांच टेस्ट जीते और नौ में उसे हारे का सामना करना पड़ा।

### रिजवान ही टिक सके

सोमवार को पाकिस्तान के दोनों नाबाद बल्लेबाज सऊद शकील (13) और रात्रि प्रहरी काशिफ अली (01) अपने स्कोर में इजाफा किए बिना पवेलियन लौटे। सिंक्लेयर ने दिन की तीसरी गेंद पर शकील को स्लिप में कैच कराया जबकि वारिकन ने काशिफ को बोल्ड किया। विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान (25) ही टिक सके। उन्होंने सलमान अली आगा (15) दोनों ने 39 रन की साझेदारी की लेकिन फिर वारिकन का शिकार बन गए। वारिकन ने साजिद खान (07) को बोल्ड करके टीम की जीत सुनिश्चित की।

# यामी गौतम और प्रतीक गांधी की फिल्म 'धूम धाम' का ट्रेलर रिलीज

अभिनेत्री यामी गौतम 'आर्टिकल-370' के बाद वह एक बार फिर फिल्म 'धूम धाम' के जरिए दर्शकों के सामने आ रही है। यह फिल्म इस साल वैलेंटाइन डे पर ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर प्रदर्शित की जाएगी। फिल्म 'धूम धाम' में यामी और प्रतीक गांधी मुख्य भूमिका में होंगे। इस रोमकॉम फिल्म में यामी और प्रतीक गांधी की केमिस्ट्री दर्शकों का ध्यान खींच रही है। पहले 'धूम धाम' फिल्म का टीजर रिलीज हुआ था, जो रोमांच के साथ-साथ सस्पेंस से भी भरपूर था। अब फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। जो रोमांच के साथ-साथ सस्पेंस से भी भरपूर है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, 'शादी की पहली रात और साथ में अप्रत्याशित बारात...।' फिल्म 'धूम धाम' का निर्देशन ऋषि सेठ ने किया है। यामी गौतम इस फिल्म में कोयल नाम की एक लड़की का किरदार निभाया है, जबकि प्रतीक गांधी डरपोक स्वभाव वाले 'वीर' का किरदार निभाते हैं। इसके अलावा इस फिल्म में एजाज खान, प्रतीक बब्बर भी नजर आ सकते हैं। उम्मीद की जा रही है कि फिल्म 'धूम धाम' रोमांस और कॉमेडी का मिश्रण होगी। यह फिल्म 14 फरवरी 2025 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर देखने के बाद फैंस की उत्सुकता चरम पर है। हाल ही में यामी गौतम 'आर्टिकल 370' में नजर आई थीं। फिल्म में यामी के साथ वैभव तत्ववादी और प्रिया मणि, स्कंद ठाकुर, अश्विनी कौल मुख्य भूमिका में थे। प्रतीक गांधी फिल्म 'अग्नि' में नजर आए थे। यह फिल्म बहादुर फायरमैन के जीवन पर आधारित है।



# अजय देवगन की फिल्म 'रेंजर' के विलेन बने संजय दत्त



कुछ समय पहले खबर आई थी कि अजय देवगन एक जंगल एडवेंचर फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है 'रेंजर'। कहा जा रहा था कि इसके जरिए अजय पहली बार 'मिशन मंगल' के निर्देशक जगन शक्ति संग काम करने वाले हैं। हालांकि, फिर खबर आई कि यह फिल्म डिब्बा बंद हो गई है और अब इसे लेकर एक बार फिर सुगबुगाहट तेज हो गई है।

### अलग अवतार में नजर आएंगे दोनों अभिनेता

रिपोर्ट में बताया गया है कि जगन जहां फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, वहीं लव रंजन और अंकुर गर्ग इस फिल्म के निर्माता हैं। अजय ने अपनी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' का काम लगभग पूरा कर लिया है और अब वह रेंजर की तैयारी में जुटने वाले हैं। फिल्म एक जंगल एडवेंचर होने वाली है। ऐसे में अजय और संजय का लुक भी इसमें बेहद खास होने वाला है।

### अजय और संजय के बीच दिखेगी जबरदस्त टक्कर

ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, अजय पहले से ही फिल्म के हीरो के रूप में इससे जुड़े हैं और अब इसमें संजू बाबा भी शामिल हो गए हैं। संजय को फिल्म का विलेन बनाया गया है और बताया जा रहा है कि अजय के साथ इस फिल्म में उनकी जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिलेंगी। पर्दे पर नायक और खलनायक के बीच एक ऐसे टकराव दर्शकों को देखने को मिलेगा, जो सबके होश उड़ा देगा।

# फिर दिखेगी कंगना रनौवत आर माधवन की जोड़ी, चल रही है शूटिंग



बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म 'तनु वेड्स मनु' के दूसरे पार्ट में आर माधवन की हॉट जोड़ी दर्शकों को खूब पसंद आई थी। अब दर्शकों की ये पसंदीदा जोड़ी फिर से आने वाली है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। यह जानकारी कंगना ने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर करने के साथ दी है। कंगना रनौत ने सोशल मीडिया पर फिल्म के क्लैपबोर्ड की फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'फिल्म सेट पर होने की खुशी किसी भी चीज से ज्यादा होती है।' इससे पहले भी कंगना ने फिल्म की टीम के साथ बैठकर एक फोटो शेयर की थी। कंगना ने पिछले साल एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म की घोषणा की थी। फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि ये वही फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन 'थलाइवी' डायरेक्टर विजय कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग चेन्नई में चल रही है। कंगना और आर माधवन को एक बार फिर से स्क्रीन पर साथ देखने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। हाल ही में कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म में उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया था। दर्शक कंगना की एक्टिंग और फिल्म की खूब सराहना कर रहे हैं। सांसद बनने के बाद यह कंगना की पहली फिल्म है।

# शाहरुख खान 'पठान' के बाद सिद्धार्थ आनंद के साथ फिर मचाएंगे धमाल



शाहरुख खान साल 2023 में पर्दे पर दिखे थे। उनकी 3 फिल्में सिनेमाघरों में आई थीं और तीनों ही बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थीं। पिछले साल उनकी कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई। अब शाहरुख 'किंग' नाम की फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसके निर्देशक पर भी अब वह अपनी मोहर लगा चुके हैं। हाल ही में शाहरुख दुबई में एक ग्लोबल विलेज इवेंट में शामिल हुए, जहां उन्होंने 'किंग' पर बात कर दुनियाभर के दर्शकों को खुश कर दिया।

### शाहरुख 'किंग' से देंगे मनोरंजन का जबरदस्त डोज



शाहरुख ने फिल्म को लेकर इवेंट में कहा, मैं बस इसकी शूटिंग कर रहा हूं। मैं कुछ महीनों तक इसकी शूटिंग करूंगा। मेरे निर्देशक सिद्धार्थ आनंद बहुत सख्त हैं। उन्होंने 'पठान' भी बनाई। उन्होंने मुझसे कहा है कि हम यह न बताएं कि हम क्या कर रहे हैं। मैं आपको इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं बता सकता, लेकिन मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि यह मनोरंजक होगी। आप इसका आनंद लेंगे।

### अपने सिग्नेचर पोज से बनाया दर्शकों को अपना दीवाना

इवेंट से सोशल मीडिया पर शाहरुख के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं और प्रशंसक उन पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। एक वीडियो में वह 'पठान के गाने झूमे जो 'पठान पर थिरकते नजर आ रहे हैं तो एक वीडियो में अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जवान' के गाने 'जिंदा बंदा' पर नाचते दिख रहे हैं, वहीं जब वह अपनी बांहों को फैलाकर उन्होंने अपना सिग्नेचर पोज देते हैं तो इवेंट में मौजूद दर्शकों ने जमकर तालियां और सीटियां बजाते हैं।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# शिमला गुड़िया हत्याकांड: हिमाचल के IG जैदी सहित आठ पुलिस जवानों को उम्रकैद



**एजेंसी । चंडीगढ़**

2017 में शिमला जिले के कोटखाई में हुए गुड़िया दुष्कर्म व हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपी सूरज की लॉकअप में हत्या के मामले में सभी दोषियों को उम्रकैद की सजा हुई है। सीबीआई कोर्ट ने दोषियों से उनकी आखिरी अपील सुनी। मामले में दोषी आईजी आईपीएस जहूर हैदर जैदी व डीएसपी समेत आठ पुलिस जवानों को तीन अलग-अलग धाराओं के तहत उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। वहीं सभी दोषियों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। बीती 18 जनवरी को सीबीआई कोर्ट ने गवाहों के बयान व सबूतों के आधार पर दोषी करार देने के बाद पुलिस ने जैदी के अलावा तत्कालीन डीएसपी मनोज जोशी, पुलिस सब इंस्पेक्टर राजिंद्र सिंह, एएसआई दीप चंद शर्मा, मानक मुख्य आरक्षी मोहन लाल व सूरत सिंह, मुख्य आरक्षी रफी मोहम्मद और कांस्टेबल रनीत सतेता को गिरफ्तार कर लिया था जो के अभी बुड़ैल जेल बंद है। कोर्ट ने सभी आरोपियों को आईपीसी एक्ट 120-बी में उम्रकैद व 20 हजार जुर्माना, 302 में उम्रकैद व 20 हजार जुर्माना, 330 में 3 साल 10 हजार जुर्माना, 348 में एक साल व 5 हजार जुर्माना, को 120-बी, 195 में उम्रकैद व 20 हजार जुर्माना, 196 में 3 साल व 10 हजार जुर्माना, 218 में एक साल व 10 हजार जुर्माना और 201 में 1 साल और 5 हजार रुपये जुर्मानें की सजा सुनाई है।

### गुड़िया हत्याकांड ?

शिमला जिले के कोटखाई में 4 जुलाई 2017 को लापता हुई 16 वर्षीय छात्रा का शव कोटखाई के तांदी के जंगल में निर्वस्त्र मिला था। मामले की जांच के लिए शिमला के तत्कालीन आईजी जैदी की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की थी, जिसने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था जिनमें नेपाल मूल का एक युवक सूरज भी शामिल था। नेपाली युवक सूरज की कोटखाई थाने में पुलिस हिरासत के दौरान लॉकअप में मौत हो गई थी। मौत का यह मामला जांच के लिए बाद में हिमाचल पुलिस ने सीबीआई को सौंप दिया था।

### सीबीआई ने किया खुलासा

सीबीआई ने दुष्कर्म एवं हत्याकांड की जांच करने वाली एसआईटी के सभी सदस्यों के खिलाफ हत्या की धारा 302 सहित 330,331,348,323र326,218,195,196,201,210बी व 330 के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में आईपीएस जहूर हैदर जैदी के अलावा तत्कालीन डीएसपी मनोज जोशी, पुलिस सब इंस्पेक्टर राजिंद्र सिंह, एएसआई दीप चंद शर्मा, मानक मुख्य आरक्षी मोहन लाल व सूरत सिंह, मुख्य आरक्षी रफी मोहम्मद और कांस्टेबल रनीत सतेता को नामजद किया गया। सीबीआई जांच में खुलासा हुआ कि सूरज की मौत पुलिस प्रताड़ना के कारण हुई थी।

### पहले 20 दिसंबर को दिया जाना था मामले में फैसला

मामले में 13 दिसंबर को शिकायतकर्ता सीबीआई पक्ष, 16 को आरोपी जैदी, 17 को दीप चंद शर्मा, मोहन लाल, 18 को सूरत सिंह, 19 को मनोज जोशी व डीडब्ल्यू नेगी, 20 दिसंबर को राजिंद्र सिंह, रफी मोहम्मद व रनीत सतेता की गवाही व आखिरी बहस की हुई थी। कोर्ट ने आरोपी संख्या 5 और 7 ने अलग-अलग बयान देकर अपने बचाव साक्ष्यों को बंद कर दिया था। आरोपी 8 के अधिवक्ता ने भी अलग-अलग बयान देकर अभियुक्तों की ओर से बचाव साक्ष्य को बंद कर दिया, जबकि आरोपी 9 ने अलग-अलग दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए बयान देकर साक्ष्य बंद कर दिया था। आरोपी नंबर-तीन की गवाही व साक्ष्य जनवरी में बंद किए गए जिसके बाद कोर्ट ने 18 जनवरी की तारीख फैसले के निर्धारित कर दी थी। 18 जनवरी को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सभी पक्षों द्वारा दी गई दलीलों, गवाहों के बयान व सबूतों के आधार पर जैदी और डीएसपी सहित आठ आरोपियों को दोषी करार दिया, जबकि एसपी नेगी को बरी कर दिया था।

---

न्यूज़ ब्रीफ


### नए सेबी चेयरमैन की तलाश शुरू



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सेबी के नए चेयरमैन की तलाश करना शुरू कर दी है। सरकार ने विज्ञापन जारी कर 17 फरवरी तक चेयरमैन पद की योग्यता रखने वाले इच्छुक लोगों से आवेदन मांगे हैं। उसके बाद वित्तीय क्षेत्र नियामक नियुक्ति खोज समिति यानी सर्च कमेटी आवेदनों की जांच करेगी और फिर अपनी सिफारिश सरकार को देगी। इससे मौजूदा चेयरमैन माधबी पुरी बुच की विदाई तय हो गई है, जिनका कार्यकाल 28 फरवरी को पूरा हो रहा है। वर्तमान चेयरमैन ने दो मार्च 2022 को तीन वर्ष के लिए कार्यभार संभाला था जो 28 फरवरी को खत्म हो रहा है, लेकिन कार्यकाल खत्म होने से पहले माधबी पुरी कई विवादों में घिरी रही हैं। इस दौरान उनके ऊपर ऑफशोर फंड में निवेश समेत कई गंभीर आरोप लगे हैं।

**17 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित**

### फिर शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, भारत और चीन ने कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करने का फैसला किया। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और चीनी मंत्री वांग यी के बीच में हुई मुलाकात में यह फैसला लिया गया। बता दें कि, काफी लंबे समय से कैलाश मानसरोवर यात्रा बंद है। इसके अलावा भारत और चीन दोनों देशों के बीच सीधी हवाई सेवाएं फिर से शुरू करने पर भी सैद्धांतिक रूप से सहमत हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि, भारत और चीन संबंधों को स्थिर करने और पुनर्निर्माण के लिए कुछ जन-केंद्रित कदम उठाने पर भी सहमत हुए है। भारत और चीन लोगों के बीच संबंधों को और बढ़ावा देने तथा सुविधाजनक बनाने के लिए उचित कदम उठाने पर सहमत हुए हैं।

---

मुडा स्कैम केस

# कर्नाटक सीएम की पत्नी को राहत

## ईडी की नोटिस पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक

**एजेंसी । बेंगलुरु**

कर्नाटक हाईकोर्ट ने सीएम सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को भेजे गए ED के नोटिस पर रोक लगा दी है। पार्वती को मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी जमीन घोटाला केस में ED ने नोटिस जारी किया था। उन्हें ED के बेंगलुरु ऑफिस में 28 जनवरी को सुबह 11 बजे सबूत और रिकॉर्ड पेश करने के लिए बुलाया गया था। पार्वती और मंत्री भारती सुरेश ने ED के नोटिस के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। जस्टिस नागप्रसन्ना ने 10 फरवरी को होने वाली अगली सुनवाई तक ED के नोटिस पर रोक लगा दी है।

### मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच

ED के अतिरिक्त निदेशक मुरलीकन्नन ने बताया कि पार्वती के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट 2002 के तहत जांच की जा रही है। दरअसल, MUDA पर कई लोगों को कम कीमत में प्रॉपर्टियां देने का आरोप है। इनमें पार्वती को मैसूर में पॉश इलाके में दी गईं 14 साइट्स भी शामिल हैं।




### मामले की जांच इंडिपेंडेंट एजेंसी को देने के मामले में फैसला सुरक्षित

कर्नाटक हाईकोर्ट ने इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया कि MUDA केस CBI जैसी किसी इंडिपेंडेंट एजेंसी को ट्रांसफर करना चाहिए या नहीं। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर मांग की थी कि पुलिस राज्य सरकार के तहत आती है। ऐसे में उससे उम्मीद नहीं की जा सकती है कि वह मुख्यमंत्री और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ ईमानदारी से जांच करेगी।

### सीएम की पत्नी ईडी से बच नहीं सकतीं : भाजपा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि मुख्यमंत्री की पत्नी और बिरथी सुरेश ED से बच नहीं सकते। उन्होंने कहा- खबर है कि लोकायुक्त ने इस मामले में सिद्धारमैया और अन्य को क्लीन चिट देते हुए हाईकोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट पेश की है। विजयेंद्र ने कहा कि ED का नोटिस सिद्धारमैया के लिए बड़ा झटका है। क्योंकि वे केस को बंद करवाने की कोशिश में थे।

### भाजपा सरकार में पत्नी को जमीन मिली : सिद्धारमैया

आरोपों पर सिद्धारमैया ने कहा था - 2014 में जब मैं CM था तो पत्नी ने मुआवजे के लिए आवेदन किया था। मैंने पत्नी से कहा था कि जब तक मैं CM हूं तब तक मुआवजे के लिए आवेदन ना किया जाए। 2020-21 में जब भाजपा की सरकार थी, तब पत्नी को मुआवजे की जमीन आवंटित की गई। भाजपा सिर्फ मेरे खिलाफ झूठे आरोप लगाने की कोशिश कर रही है।

---

मुख्य चुनाव आयुक्त

# नाम चयन करने के लिए खोज समिति गठित

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने अगले मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के लिए नाम का चयन करने के लिए एक खोज समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे। इस समिति में वित्त मंत्रालय और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के सचिव भी सदस्य होंगे। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

### सीईसी के पद से सेवानिवृत्त हो रहे राजीव कुमार

अब तक जब भी मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त सेवानिवृत्त होते थे, तो वरिष्ठतम चुनाव आयुक्त को सीईसी के पद पर नियुक्त किया जाता थआ। लेकिन पिछले साल मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों के लिए एक नया कानून लागू हुआ है। इसके तहत एक खोज समिति पांच सचिव स्तर के अधिकारियों के नामों का चयन करेगी, जिन्हें बाद में सीईसी और ईसी के रूप में नियुक्त करने के लिए विचार किया जाएगा। सीईसी राजीव कुमार 18 फरवरी को 65 वर्ष की आयु पूरी होने




पर अपने पद से सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

### नए कानून के तहत पहली बार सीईसी की नियुक्ति

'मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023' के तहत पहली बार सीईसी की नियुक्ति की जा रही है। इस अधिनियम के उपयोग करके पिछले साल चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एस.एस. संधू की नियुक्ति में किया गया था, जो अनुप चंद्र पांडे और अरुण गोयल के सेवानिवृत्त होने और इस्तीफा देने के बाद पदों पर आए थे।

---

# देश में सांप के एंटी-वेनम की कमी, सालाना 58 हजार मौतें: सुको

## दुनिया भर में सांप काटने से सबसे ज्यादा मौतें भारत में

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सांप काटने से मौतों में बढ़ोतरी पर सोमवार को केंद्र सरकार से जरूरी उपाय करने को कहा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने इसी मामले में दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इस दौरान बेंच ने कहा- यह मुकदमेबाजी का मसला नहीं है। आप राज्यों की मदद ले सकते हैं क्योंकि यह समस्या पूरे देश में है। सभी राज्यों के साथ बैठक करके मामले में कुछ करने



की कोशिश कीजिए। याचिका में कहा गया है कि सांप के जहर के एंटी-वेनम की कमी से देश पब्लिक हेल्थ क्राइसिस का सामना कर रहा है। दुनिया भर में सांप काटने से सबसे ज्यादा मौतें भारत में होती हैं। यहां हर साल करीब 58

### डॉक्टरों को स्पेशल ट्रेनिंग देने की मांग

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 13 दिसंबर को मामले में केंद्र और अन्य संबंधित पक्षों से जवाब मांगा था। याचिका में कहा गया है कि दुनिया में सबसे ज्यादा मौतों के बावजूद देश में एंटी-वेनम की कमी है। देश के अधिकतर ग्रामीण इलाकों में एंटी-वेनम का पर्याप्त स्टॉक नहीं है। इससे इलाज में देरी होती है। इसमें सरकारी जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों को स्पेशल ट्रेनिंग देने, इलाज की अलग यूनिट स्थापित करने, अस्पतालों में पर्याप्त एंटी-वेनम उपलब्ध कराने और ग्रामीण इलाकों में जन जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश देने की मांग

---

# 870 करोड़ की चार हजार किलो नशीली दवाएं नष्ट

**अहमदाबाद।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) अहमदाबाद जोनल यूनिट ने नशीले पदार्थों के निपटान के लिए देशभर में चलाए गए मिशन के तहत 870 करोड़ रुपये मूल्य की 4,543.4 किलोग्राम जब्त की गई नशीली दवाओं को नष्ट किया। एक विज्ञप्ति में एनसीबी ने बताया कि ड्रग डिस्पोजल पखवाड़े (10 से 25 जनवरी) के हिस्से के तौर पर 25 जनवरी को भरूच जिले के दहेज में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत आने वाले प्रतिबंधित पदार्थों को जलाकर नष्ट कर दिया गया।

### NCB ने ड्रग डिस्पोजल पखवाड़े के तहत की कार्रवाई

इन प्रतिबंधित नशीली दवाओं में चरस (3,185.685 किलोग्राम), हेरोइन (88.727 किलोग्राम), मेथमफेटामाइन (748.334 किलोग्राम), मेफेड्रोन (0.332 किलोग्राम), अल्प्राजोलम (0.077 किलोग्राम), लिडोकेन (1.078 किलोग्राम), ट्रामाडोल (500.310 किग्रा), और एम्फैटेमिन (18.404 किग्रा) शामिल थे।

---

# 132 उम्मीदवारों खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली में विधानसभा चुनाव 2025 के एलान के बाद सियासी सरगर्मियां जोरों पर हैं। तमाम सियासी दल चुनाव प्रचार में जोर आजमाइश लगा रहे हैं। इस केंद्र शासित प्रदेश में 5 फरवरी को मतदान होना है, जबकि 8 फरवरी को मतगणना होनी है। इस बीच एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सभी राजनीतिक दलों की तरफ से खड़े किए गए उम्मीदवारों का लेखा जोखा प्रकाशित किया है। प्रत्याशियों की तरफ से दिए गए हलफनामों के आधार पर रिपोर्ट में उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि, वित्तीय, शिक्षा, लिंग और अन्य विवरणों का विश्लेषण किया गया है। गौरतलब है कि दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर इस बार 699 उम्मीदवार खड़े हो रहे हैं। इनमें से 278 प्रत्याशी राष्ट्रीय दलों से, 29 राज्य-स्तरीय दलों से, 254 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों से और 138 उम्मीदवार निर्दलीय हैं।



### कितने उम्मीदवार दागी?

एडीआर ने 699 प्रत्याशियों के हलफनामों का विश्लेषण किया। रिपोर्ट के मुताबिक, इस बार 132 (19 फीसदी) उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनावों की बात करें तो तब 672 में से 133 प्रत्याशियों (20 फीसदी) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले बताए थे। यानी इस बार दागी उम्मीदवारों की संख्या में कमी दर्ज की गई है।

### कितने दागी उम्मीदवार

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रमुख दलों में सबसे ज्यादा दागी उम्मीदवार आम आदमी पार्टी (आप) के हैं। आप ने इस बार 70 में से 44 आपराधिक मामलों वाले प्रत्याशी उतारे हैं। यानी करीब 63 फीसदी। इसके बाद कांग्रेस का नंबर है, जिसके 70 में से 29 (41 फीसदी) उम्मीदवार दागी हैं। भाजपा के 68 में से 29 उम्मीदवारों (29 फीसदी) ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं।

### करोड़पति प्रत्याशी मैदान में?

दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार अमीर प्रत्याशियों का आंकड़ा भी बढ़ा है। 699 में से 23 उम्मीदवारों (3 फीसदी) ने अपनी संपत्ति 50 करोड़ से ज्यादा घोषित की है। इससे पहले 2020 में 672 में से 13 प्रत्याशियों (2 फीसदी) की संपत्ति ही 50 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा थी। चौंकाने वाली बात यह है कि इस बार 50 करोड़ से ज्यादा संपत्ति वाले कुल उम्मीदवारों में से 5 अरबपतियों की श्रेणी में शामिल हैं।

---

दिल्ली IAS कोचिंग हादसा

# छात्रों के डूबने में कोई रोल नहीं: कोर्ट

## बेसमेंट के 4 मालिकों को जमानत

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में 27 जुलाई की रात राउ IAS कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने से 3 स्टूडेंट्स की मौत हो गई थी। इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने बेसमेंट के चारों मालिकों को जमानत दे दी है। जस्टिस संजीव नरूला ने कहा कि हम आरोपियों की इस बात से सहमत हैं कि वे सिर्फ उस प्रॉपर्टी के मालिक हैं। बेसमेंट में पानी भरने से स्टूडेंट्स के डूबने में उनकी कोई भूमिका नहीं थी।

जज ने यह भी कहा है कि स्टेटस रिपोर्ट या कहीं और ऐसा कोई सबूत नहीं दिया गया है जिससे चारों को-ओनर्स परविंदर सिंह, तजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह और सरबजीत सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई केस बने। ऐसे में आरोपियों को राहत दी जा सकती है। इसके साथ ही कोर्ट ने 13 सितंबर 2024 को चारों आरोपियों को दी गई अंतरिम जमानत को रेगुलर बेल में बदल दिया। कोर्ट ने 21 जनवरी को यह आदेश दिया था, जो अब सामने आया है।

### बेसमेंट किराए पर देना अपराध है या नहीं, ट्रायल कोर्ट तय करेगा

कोर्ट ने कहा कि इस मामले में जांच पूरी हो चुकी है और चार्जशीट दायर की गई है। हालांकि जो आरोप लगाए गए हैं, वे गंभीर प्रकृति के हैं। लेकिन इसमें बेसमेंट के



मालिकों की जो भूमिका बताई गई है, उस पर हमें ध्यान देना होगा। कोर्ट ने कहा कि चारों को-ओनर्स पर आरोप है कि उन्होंने कॉमर्शियल काम के लिए बेसमेंट को किराए पर दिया था, जिसकी अनुमति नहीं दी गई थी। हालांकि, सबूतों के आधार पर ये तय करना ट्रायल कोर्ट का काम है कि क्या बेसमेंट को किराए पर देना BNS के सेक्शन 105 और 106 के तहत अपराध माना जाएगा।

---

4 नए प्रस्ताव जोड़े गए | वक्फ बोर्ड में 2 गैर-मुस्लिमों को भी मिलेगी जगह

# जेपीसी की बैठक समाप्त, वक्फ बिल को जेपीसी की मिली मंजूरी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वक्फ संशोधन बिल पर बनी जेपीसी की बैठक सोमवार को समाप्त हो गई। संयुक्त संसदीय समिति ने सोमवार को सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए सदस्यों द्वारा प्रस्तावित सभी 14 संशोधनों को स्वीकार कर लिया। इसके अलावा विपक्षी सदस्यों द्वारा पेश किए गए हर बदलाव को अस्वीकार कर दिया। दरअसल, यह विधेयक पिछले वर्ष अगस्त में लोकसभा में पेश किया गया था और इसमें देश में मुस्लिम धर्मार्थ संपत्तियों के प्रबंधन के तरीके में 44 विवादास्पद परिवर्तन करने का प्रावधान है। जेपीसी की बैठक में इस बिल में कई महत्वपूर्ण बदलावों को मंजूरी मिली है।




### ये बदलाव भी पारित हुए

अन्य 11 बदलावों में से एक परिवर्तन को तेजस्वी सूर्या ने समिति के सामने रखा, जो यह निर्दिष्ट करता है कि भूमि दान करने की इच्छा रखने वाले किसी भी व्यक्ति को यह दिखाना या प्रदर्शित करना होगा कि वह कम से कम पांच वर्षों से इस्लाम का पालन कर रहा है और यह भी स्वीकार करना होगा कि ऐसी संपत्ति के समर्पण में कोई साजिश शामिल नहीं है।

### क्या बोले बीजेपी सांसद?

बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि गरीब मुसलमान को हक दिलाने तथा कांग्रेस पार्टी के वोट बैंक की राजनीति के कारण हिन्दू समाज को दोयम दर्जे का नागरिक बनाने की साज़िश को बेनक़ाब कर संसद की संयुक्त समिति ने वक्फ संशोधन विधेयक पारित किया।

### बिल में इन मुख्य बदलावों को मिली मंजूरी

- इस बिल में पहले प्रावधान था कि राज्य वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद में दो गैर मुस्लिम सदस्य अनिवार्य होंगे। इसमें बदलाव किया गया है। अब पदेन सदस्यों को इससे अलग कर दिया गया है। जिसका मतलब है कि वक्फ परिषदें, चाहे राज्य स्तर पर हों या अखिल भारतीय स्तर पर, कम से कम दो और संभवत: अधिक सदस्य होंगे जो इस्लाम धर्म से नहीं होंगे।
- वहीं, एक अन्य संशोधन के अनुसार अब कोई संपत्ति वक्फ है या नहीं इसका फैसला राज्य सरकार की ओर से नामित अधिकारी करेगा। मूल मसौदे में यह निर्णय जिला कलेक्टर पर छोड़ा गया था।
- एक और अन्य संशोधन के अनुसार कानून पूर्वव्यापी रूप से लागू नहीं होगा। शर्त ये है कि वक्फ संपत्ति पंजीकृत हो यानी जो वक्फ संपत्तियां रजिस्टर्ड है उनपर असर नही पड़ेगा। हालांकि, जो पहले से रजिस्टर्ड नहीं है उनके फैसले भविष्य में तय मानकों के अनुरूप होगा। (लेकिन, कांग्रेस नेता और जेपीसी सदस्य इमरान मसूद ने इसको लेकर कहा कि 90 प्रतिशत वक्फ संपत्तियां वास्तव में पंजीकृत नहीं हैं )